ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, बुधवार 17 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 33 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में संत कबीर के नाम पर बनेंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क पेज 2



वेलकुमार ने भारत को स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया खेल टाइम्स



पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश सम्पादकीय



सीजफायर पर ट्रम्प के दावे की इशाक डार ने खोली पोल पेज 12

### हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

### युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितम्बर और युवराज को 23 सितम्बर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1यूबेट नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है।

### मदर डेयरी का टेट्रा पैक दूध, पनीर, घी व बटर होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितम्बर से सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से हो रही कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। हालांकि इससे पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि इन पर पहले से ही शून्य कर था। कंपनी ने बताया कि एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 रुपये की जगह 75 रुपये का मिलेगा, जबकि 450 मिली वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 रुपये से घटकर 32 रुपये हो गई है।

### मणिपुर हिंसा मामले में एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा मामले में अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप में गिरफ्तार मोइरंगथेम आनंद सिंह की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित मुकदमे की स्थिति जानने के लिए एनआईए से जवाब मांगा है पीठ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केवल मुकदमे की स्थिति जानने के लिए नोटिस जारी करें।

## TET की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी उप्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिक्षकों की सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।

शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है।

## सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चार हफ्तों में जवाब मांगा, याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद -शेष पृष्ठ दो पर

### राजस्थान की नदी का जहरीला पानी, मर रहे पशु-पक्षी

#### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

■ फैक्ट्रियों का कचरा- केमिकल बहाया जा रहा, 20 लाख की आबादी प्रभावित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जीवन और जैव विविधता प्रभावित होने के मद्देनजर राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट बहाने के मामले में मंगलवार को स्वतः संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि नदी में मुख्य रूप से कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के छोड़े जाने से सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण वहां का पेयजल मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए पीने योग्य नहीं रहा। पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया और उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह अदालत राजस्थान की मरुधरा जोजरी नदी के संबंध में स्वतः संज्ञान ले रही है।

# देहरादून में बादल फटने से मची तबाही, 25 के मरने की आशंका

## 13 पुल टूटे, 21 सड़कें व सात दुकानें बही, दो घर गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड से विदा होते मानसून ने एक बार फिर विकराल रूप दिखाते हुए राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। विनाशकारी बादल फटने और मूसलाधार वर्षा की घटनाओं के बाद अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 16 लोग अभी भी लापता हैं। सहस्रधारा, मालदेवता जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, नदियां उफान पर हैं और कई सड़कें व पुल बह गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों का सुबह सवेरे ही दौरा किया। जिला अधिकारी सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मोर्चा संभाला। सोमवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि, सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क, संपर्क मार्ग, पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त -शेष पृष्ठ दो पर







### मुख्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं। धामी ने अतिवृष्टि से प्रभावित देहरादून जनपद के मालदेवता क्षेत्र एवं केसरवाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम एवं गृह मंत्री ने की सीएम धामी से बात

पीएम मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।

### मृतकों में मुरादाबाद मंडल के सात मजदूर शामिल

**मुरादाबाद/अमरोहा (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने के बाद बाढ़ की चपेट में आने से मुरादाबाद मंडल के दर्जनभर मजदूर बह गए। हादसे में बिलारी तहसील के मुंडिया जैन गांव के छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अब भी लापता हैं।

अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा गांव के तीन मजदूर भी नदी में लापता हो गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, दो अभी लापता हैं। मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के थाना सोनकपुर क्षेत्र के मुंडिया जैन गांव निवासी लगभग 20 मजदूर कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार तड़के मजदूर नदी किनारे बजरी और रेत निकालने का काम कर रहे थे। तभी सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने से टोंस नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की उच्च न्यायालयों में नौ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मद्रास और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के लिए कुल नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी अलग-अलग बयानों के मुताबिक, कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरुबरहल्ली वेंकटरामा रेड्डी अरविंद को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों - श्रीमती गीता कदबा भरतराज सेट्टी, मुरलीधर पी. बोरकटटे और त्यागराज नारायण इनावली को पदोन्नत कर कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अधिवक्ताओं - जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इनके अलावा, त्रिपुरा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत पालित को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने 15 सितम्बर को अपनी बैठक में चारों उच्च न्यायालय के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी।

### सुविधाएं नहीं, तो ट्रिब्यूनल खत्म कर दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की बदहाल स्थिति पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव की वजह से हाईकोर्ट जज ट्रिब्यूनलों में पोस्ट-रिटायरमेंट रोल लेने से बच रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार हालात सुधार नहीं सकती, तो सभी ट्रिब्यूनल बंद कर देना चाहिए। यहां आने वाले मामलों को हाईकोर्ट को भेजा जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट की नियुक्ति की याचिका एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन ने लगाई है। दरअसल, यह मामला वेस्टर्न जोन के ट्रिब्यूनल में 2 जजों की नियुक्ति से जुड़ा है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी इन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन ने कहा कि यह कमी केंद्र सरकार की वजह से है।

## प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नीलामी से मिली धनराशि का होगा नमामि गंगे परियोजना में उपयोग

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी पीएम मोदी को उनके अंतर्राष्ट्रीय दौरों, राज्यों के दौरों के दौरान और प्रधानमंत्री से होने वाली मुलाकातों के दौरा।

विभिन्न कार्यक्रमों और शख्सियतों की ओर से दिए गए उपहारों से संबंधित होती है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य इन उपहारों से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है। अभी तक इस नीलामी की राशि का उपयोग गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में बहुत तरह के उपहार होते हैं, जैसे की कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर, और अन्य हस्तशिल्प जो विभिन्न देशों और नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए होते हैं। ये उपहार भारतीय संस्कृति और कूटनीति के प्रतीक होते हैं और इनका मूल्यांकन केवल उनके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व के आधार पर किया जाता है। इस बार पीएम मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई-ऑक्शन के जरिये लोग कर सकते हैं खरीददारी। इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

## आरएलडी के फैसले से दावेदारों में खुशी

पंचायत चुनाव

### समाजवादी पार्टी के चुनाव न लड़ने के ऐलान से फायदा

समीउल्लाह

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से इच्छुक दावेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपा के यह चुनाव न लड़ने के ऐलान से यहां आरएलडी को बड़ा फायदा पहुंचेगा और उसका जनाधार बढ़ जाएगा, वहीं भाजपा नेताओं को इसमें अपना नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में शीघ्र ही जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित हैं। हालांकि भाजपा सरकार पंचायत चुनाव समय से कराने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रही है। सरकार नगर क्षेत्रों की प्रस्तावित सीमा विस्तार का बहाना बना रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि



नगर क्षेत्रों से लगे ऐसे ग्रामों को जोड़ लिया जाए, जिससे उनके प्रत्याशी आसानी से चुनाव जीत जाएं और सपा व निर्दलीय प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़े। इसी को लेकर अंदर खाने कवायद चल भी रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय निकायों से प्रस्ताव मांग रहे हैं। ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगने की जरूरत ही महसूस नहीं की जा रही है। इस बीच पंचायत चुनावों को लेकर सपा व आरएलडी के ऐलान से प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। सपा ने पंचायत चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। सपा नेतृत्व जानता है कि जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुख के चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग जमकर होता है। प्रशासन, पुलिस व पैसा इस चुनाव में असर दिखाता है। सपा का एक मात्र लक्ष्य विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सपा नेतृत्व नहीं चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व ऐसा कोई प्रतिकूल संदेश मतदाताओं के बीच न जाए कि इससे उसे नुकसान उठाना पड़े। सपा नेतृत्व का मानना है कि जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, तो निर्वाचित अध्यक्ष व प्रमुख खुद पाला बदल लेंगे। सपा नेतृत्व बड़े लक्ष्य को हालिस करने के लिए छोटी कुर्बानी दे रहा है। लेकिन आरएलडी ने अकेले जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को चौका दिया है। राजनीतिक पंड़ितों को भी इसका अंदाजा नहीं था कि आरएलडी इतना बड़ा दाव चलेगी। आरएलडी के इस फैसले से भाजपा नेताओं -शेष पृष्ठ दो पर

■ बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर व मेरठ पार्टी का गढ़

# भाकियू का अनिश्चिकालीन धरना समाप्त

## अधिकारियों ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर पर चल रहा भाकियू लोक शक्ति का धरना अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हो गया।

बिजली कटौती व बिजली से संबंधित किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति का 11 सितंबर से सौफतपुर बिजली घर पर धरना चल रहा था। आज विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता रामकुमार व एसडीओ राहुल यादव धरना स्थल पर पहुंचे। जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिजली घर की ओसीबी पिछले कई माह से खराब है, जिन्हें सही कराया जाए, उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए, जर्जर लाइन बदलवाने बिजली घर पर



तैनात स्टाफ को बदलने, उपभोक्ताओं के खराब मीटर तुरंत सही कराने की मांग की। अधिकारियों ने जल्द ही समस्याओं के समाधान का किसानों को आश्वासन दिया, जिस पर किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

धरना स्थल पर पदम सिंह, अरुण कुमार, सतवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, शेर सिंह, जग्गन अली, नरेश, विनीत, रोबिन ,चेलाराम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलश यात्रा धूमधाम से निकाली



**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा धूमधाम से निकल गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। रानी बाग कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा वाचक पंडित सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा कथा में अमृत वर्षा की जाएगी। कलश यात्रा प्रारंभ होने से पहले पंडित पारस उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना कराई गई। जिसमें मुख्य यजमानों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। कलश यात्रा में सबसे आगे युवक धार्मिक ध्वजा लेकर चल रहे थे और बैंड बाजे धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे। जिससे सारा वातावरण धर्म मय हो रहा था। कलश यात्रा कथा स्थल से होकर पूरी रानी बाग कॉलोनी की परिक्रमा कर कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान चंद्रभान सिंह सिर पर श्रीमद् भागवत कथा लेकर चल रहे थे। साथ में उनके धर्मपत्नी गीता देवी, पूजा, उदय प्रताप सिंह, मोनिका चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, प्रतिभा चौहान, नीरजा सिंह, कुसुम देवी, पल्लवी देवी, डिंपल रानी, मानसी, सोना देवी, शोभा रानी, कविता देवी, शोभा अग्रवाल, रेनू वशिष्ठ, बबीता, पुष्पा देवी, ममता रानी, सुमन देवी आदि सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

## एक नजर

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर



**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला शिवलोक कॉलोनी स्थित लाइफ लाइन क्लीनिक के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिवस का आयोजन किया गया। डा. विपिन तोमर फैमिली फिजिशियन ने बताया कि एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर में शुगर की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच, पल्स, ऑक्सीजन एवं दिल की जांच आदि के मरीज को चैकअप कर नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। डा. विपिन तोमर के अनुसार इस समय चल रहे अधिकतर वायरल और डायबीटीज के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। शिविर में पांच दर्जन से भी अधिक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। डा. विपिन तोमर ने बताया वह प्रत्येक माह की 15 तारीख को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर का आयोजन पूजनीय स्व. श्री रामकुमार की पुण्य स्मृति में करते चले आ रहे है। शिविर में उनके स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग रहा।

### मौहम्मद आसिफ का स्वागत



**चांदपुर।** मौहल्ला मुफ्ती सराय निवासी मौहम्मद आसिफ असलम राष्ट्रीय सचिव (सपा लोहिया वाहिनी) का पार्टी में अच्छे पद पर मनोनीत किए जाने पर जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा है। आसिफ असलम का बागपत पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सपाईयों ने फूलों की मालाओ से जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रविन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है। सपा में कोई भेदभाव नहीं है। भैया अखिलेश यादव (पूर्व मुख्यमंत्री) के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही थी जो आज बंद है। इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर संदीप भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आसिफ असलम के साथ सपा जिला सचिव शेख रईस अहमद, मौहम्मद यूनुस उर्फ ताऊ आदि भी मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्योहारा।** मुस्कान पत्नी निरंकार निवासी ग्राम महमूदपुर ने थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त अरविन्द पुत्र गोपी सिंह अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से उसके घर में घुस आया था। आरोप है कि अभियुक्त ने उसकी सास पर हमला किया। उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की तथा अश्लील हरकत करने का प्रयास करते हुए जातिसूचक शब्द कहे। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी धामपुर को सौंप दी थी। एसपी के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी धामपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्त अरविन्द पुत्र गोपी सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर को गिरफ्तार न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यशदेव शर्मा, हेड कांस्टेबल रोहित एवं कांस्टेबल शिवम शामिल रहे।

### हत्यारोपी सास-ससुर गिरफ्तार

**नहटौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर लाला निवासी धर्म सिंह ने अपनी पुत्री शालू की शादी सात वर्ष पूर्व नहटौर थाना क्षेत्र के गांव चक गोवर्धन निवासी विकास पुत्र विजयपाल से हुई थी। मायके वालों का आरोप है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर ससुराल वाले शालू का उत्पीड़न करते थे। गाली गलौच और मारपीट भी करते थे। मांग पूरी न होने पर 22 अगस्त की सुबह करीब 11:00 बजे शालू का शव छत पर बनी रसोई में फांसी के फंदे पर लटका मिलने पर आनन फानन में उसे चिकित्सक के पास ले गए थे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक महिला के भाई दीपक की तहरीर पर पति विकास, सास निर्मला, ससुर विजयपाल, देवर अंकित, पंकज के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी थी। आरोपी पति विकास को उसके आवास से गिरफ्तार कर के संबंधित धाराओं में चालान किया गया था। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि आज आरोपी सास निर्मला, ससुर विजयपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

# एमएम कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी

## समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कॉलेज में सभी विज्ञान शिक्षकों ने छात्रों को भांति-भांति के विज्ञान मॉडल बनाने के लिए उत्साहित और प्रेरित किया। कॉलेज के साइंस क्लब के सभी अध्यापक जिनमें मौ. आसिम, इमरान अहमद, नौशाद अली, चांद खां, मौ. खालिद, शारिक अहमद, वीरेंद्र कुमार ने जूनियर और सीनियर कक्षाओं के छात्रों से विज्ञान आधारित अच्छे मॉडल बनवाए।



विज्ञान क्लब के अध्यक्ष तय्यब हसन खान ने बच्चों को विज्ञान का महत्व और उसमें रुचि लेकर कार्य करते रहने और विज्ञान को सीखने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य हाजी मौहम्मद ताहिर ने छात्रों से कहा के विज्ञान के इस तरह के कार्यकलाप आपको शिक्षण अधिगम में बहुत सहायता करते हैं और आप इस तरह के कार्यकलापों से विज्ञान को और अच्छी तरह समझ सकते हैं। कॉलेज के प्रबंधक मुमताज अहमद भी प्रदर्शनी में छात्रों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे। उनके साथ कमेटी के सदस्य इफ्तिखार चौधरी, रऊफ अहमद आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात प्रिंसिपल हाजी मौहम्मद ताहिर एवं प्रबंधक मुमताज अहमद द्वारा छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी गई। कॉलेज के अन्य छात्र जिन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने बहुत रुचि के साथ प्रदर्शनी को देखा और उससे प्रेरणा ली।

# भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कर रही काम : अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व व्यापारी अरुण कुमार वर्मा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। यह सेवा केवल पार्टी कार्य नहीं, बल्कि एक जनांदोलन है। जिसमें हर कार्यकर्ता को सेवा परमो धर्म की भावना से जनता के बीच जाकर काम करना है।

अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद गुंडाराज का अंत हुआ है। अब महिलाएं और बेटियां बेखौफ होकर घरों से निकल सकती हैं और सुरक्षित हैं। पूर्ववर्ती सरकारों सपा-बसपा व कांग्रेस में व्यापारियों को दिनदहाड़े लूटपाट का शिकार होना पड़ता था। लेकिन भाजपा



सरकार में व्यापारी भी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अरुण कुमार वर्मा ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी और योगी आदित्यनाथ पुन: मुख्यमंत्री बनेंगे। अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा कार्यकर्ता जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रम करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएंगे। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है। यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। सेवा स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से युवाओं को जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने भारत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाया है। वहीं योगी सरकार सेवा समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है। अरुण कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जिले, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचकर सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं और पार्टी की विचारधारा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें।

# ईओ व चेयरमैन फैसल वारसी को किया सम्मानित



## सफाई अभियान से नगरवासी खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समितियों तथा कार्यालय स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भी शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए। जहां अध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर में चल रहे सफाई अभियान से नगरवासी बेहद प्रसन्न दिखाई दिए और उन्होंने खुले दिल से अभियान की सराहना की।

नगरवासियों का कहना है कि आज स्योहारा पहले से अधिक साफ-सुथरा दिख रहा है। नगर पालिका की मेहनत से गली-गली में स्वच्छता का माहौल नजर आ रहा है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश स्वच्छता ही सेवा को नगर पालिका स्योहारा पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रही है। हमारा लक्ष्य है कि नगर की हर गली, हर मौहल्ला स्वच्छता का उदाहरण बने और आने वाली पीढ़ियों को एक साफ-सुथरा वातावरण मिले। पालिका द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की प्रशंसा करते हुए अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल एवं पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारासी को नगरवासियों ने सम्मानित किया।

# किसानों की सुरक्षा के लिए हर वाहन पर लगेंगे रिफ्लेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सड़क हादसों से किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम सहकारी गन्ना समिति धामपुर प्रांगण में आयोजित किया गया।

यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर एक बड़ा सड़क सुरक्षा बैनर लगाया और किसानों से अपील की कि वे अपने हर वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाएं। उनका कहना था कि अक्सर रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली या अन्य वाहन सड़क पर चलते हुए



दिखाई नहीं देते, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं घट जाती हैं। रिफ्लेक्टर वाहन की सुरक्षा ढाल है, जो आने-जाने वाले वाहनों को दूरी से ही चेतावनी देता है। इस मौके पर यूनियन कार्यकर्ताओं ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान देश की रीढ़ है। किसान सुरक्षित रहेगा, तभी खेती सुरक्षित रहेगी। इसलिए हर किसान भाई को अपने वाहन पर रिफ्लेक्टर जरूर लगाना चाहिए। अभियान के दौरान किसानों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। दुष्यंत राणा, सुरेश कुमार, अजय राजपूत, अरविंद कुमार, दिनेश ठाकुर, यशपाल सिंह, अरविंद राजपूत, वीरेंद्र सिंह, हितेश कुमार, सुनील प्रधान समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान यूनियन का यह कदम किसानों की सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। ग्रामीण अंचल में लोगों ने इसे एक जन-जागरूकता आंदोलन की संज्ञा दी।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पौधा रोपण भी किया गया।

पालिका कार्यालय स्टाफ को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई और अपने आसपास साफ सफाई रखने और शहर को साफ रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात पालिका टीम द्वारा स्वच्छ सारथी क्लब राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एचएमआई




इंटर कॉलेज, एसएनएसएम इंटर कॉलेज, मुस्लिम फण्ड के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। पालिका ईओ ओम गिरी ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर अपने आप को सुरक्षित किया जा सकता है। इसलिए स्वच्छ अभियान के साथ जुड़कर सहभागिता निभाए और अन्य को भी जागरूक करें। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, पालिका लिपिक रमेश चंद, अतुल राज, विशेष कुमार, सफाई प्रभारी शाहजेब आलम, गजेंद्र सिंह, कपिल कुमार, सलीम अहमद, अमित कुमार, सहदेव विक्की, राज.ेश, राजन, नरेंद्र, सुमित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट....** होगी। सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि यूपी में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था।

**देहरादून ...** होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होना बताया गया। यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, 8 होटल, 3 रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण 9 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। रा. पूर्व.मा.वि. चामासारी में बनाए गए राहत शिविर में कुछ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। शिविर में प्रभावित लोगों से मिलते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवार यदि सुरक्षित स्थानों पर किराए में शिफ्ट होना चाहते हैं, तो उनको प्रति परिवार तीन माह तक 4-4 हजार रुपये किराया भी दिया जाएगा।

**मृतकों में...**समेत मजदूर बह गए। हादसे में मदन (45), नरेश (48), हरचरन (60), सोमवती (55), रीना (31) और किरन (35) की डूबकर मौत हो गई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा राजकुमार (21), होराम (32) और सुंदरी (42) का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा और आसपास के गांवों के 11 मजदूर भी देहरादून के बाजावाला गांव में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार को बादल फटने से रिस्पना नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान रहरा निवासी पुष्पेंद्र (20), पीतम (22) और पंकज (27) पानी के तेज बहाव में बह गए। पंकज का शव बरामद कर लिया गया है। पुष्पेंद्र और पीतम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

**आरएलडी के...** को दिक्कत हो रही है। खासतौर पर बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, शामली, बुलंदशहर और सहारनपुर जनपद में इससे आरएलडी को बड़ा फायदा होने जा रहा है। सपा के चुनाव न लड़ने के ऐलान से इसके ज्यादातर दावेदार फिलहाल आरएलडी का दामन थाम लेंगे। भाजपा के साथ जाने से आरएलडी को जो नुकसान हुआ था, उसकी एक ही झटके में भरपाई हो जाएगी। मगर दावेदार आरएलडी प्रमुख के अगले कदम पर नजर लगाए हुए हैं। उन्हें इसका भी अंदेशा है कि कहीं बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ का जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा से झटक कर आरएलडी अपना यह फैसला वापस न ले ले। क्योंकि आरएलडी के मौजूदा फैसले से भाजपा को ही बड़ा नुकसान होने जा रहा है। वैसे यह भी साफ है कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से आरएलडी को कोई ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा है। सिर्फ केन्द्र व प्रदेश में मंत्री पद ही मिला है। प्रदेश में भाजपा की मनमानी चल रही है। आरएलडी के बड़े नेता भले ही परेशान न हो, मगर आम कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और इसीलिए वह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़ रहे हैं।

## उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# संत कबीर के नाम पर होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क



**हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि पर लिया फैसला**

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उप्र की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वर्तमान में उप्र देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है।

### सारथी पोर्टल पर वस्त्र व परिधान से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए

निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपए आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी, बल्कि उप्र को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खोईं प्लांट में दो युवकों के शव मिले

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा, क्षेत्र में तनाव का माहौल





**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के खोई प्लांट में मंगलवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब प्लांट के भीतर खड़े एक टैंकर से दो युवकों के शव बरामद हुए। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतकों की पहचान गांव सरकडा निवासी मुकेश कुमार (35 वर्ष) पुत्र कैलाश तथा गांव मिर्जापुर पल्ला निवासी सलमान (32 वर्ष) पुत्र मौहम्मद के रूप में हुई।

दोनों युवक शुगर मिल के खोई प्लांट में कार्यरत थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दोनों की हत्या कर शव को छुपाने के इरादे से टैंकर में डाला गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल राजेश चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने हंगामा करते हुए एंबुलेंस तक को भगा दिया।

मुकेश शुगर मिल के खोई प्लांट में ट्रैक्टर चालक के रूप में कार्यरत था। जबकि सलमान उसके सहायक के रूप में मजदूरी करता था। मंगलवार को दोनों रोजाना की तरह घर से काम पर निकले थे और दोपहर तक घर लौटने की बात कही थी। लेकिन जब दोनों शाम तक नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच सूचना मिली कि दोनों के शव खोई प्लांट के भीतर खड़े टैंकर में पड़े हैं। परिजन जैसे ही मौके पर पहुंचे, वहां दिल दहला देने वाला नजारा देख चीख-पुकार मच गई।

सलमान के भाई अरमान ने आरोप लगाया कि जब वह दोपहर में अपने भाई की तलाश में खोई प्लांट पहुंचा तो वहां मौजूद गार्ड ने गलत जानकारी दी और उसे टालकर बाहर भगा दिया। परिजनों का आरोप है कि पूरे मामले में शुगर मिल प्रशासन और कर्मचारियों की मिलीभगत हो सकती है।

मौके पर पहुंचे अधिकारी पुलिस बल के साथ ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे चुप नहीं बैठेंगे।

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शवों को टैंकर से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर दो युवकों की संदिग्ध मौत से पूरे धामपुर और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। लोग जगह-जगह इस घटना की चर्चा करते देखे जा रहे हैं।

मृतक परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। घरों में मातम पसरा हुआ है और गांव के लोग आक्रोशित हैं। परिजनों का साफ कहना है कि यह सामान्य हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस गैस रिसाव के चलते हादसा होना मान रही है।



### खाली टैंकर में कैसे पहुंचे मुकेश और सलमान के शव?

**धामपुर।** परिजन और ग्रामीण सबसे बड़ा सवाल यह उठा रहे हैं कि मुकेश और सलमान खाली टैंकर के अंदर आखिर कैसे पहुंचे। उनका कहना है कि बिना किसी साजिश के दोनों युवकों का इस तरह टैंकर में मिलना संभव नहीं है। फिलहाल पुलिस के पास भी इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं है। सूत्रों के अनुसार दोपहर में एक ट्रैक्टर खोई प्लांट के अंदर जाता हुआ दिखाई दे रहा है, मगर वह ट्रैक्टर कौन चला रहा था इसकी अब तक पहचान नहीं हो पाई है। यही बिंदु अब जांच का सबसे बड़ा विषय बना हुआ है।





### धरने में बदला गम, शुगर मिल गेट पर जाम

परिजनों और ग्रामीणों ने शव लेकर लौटते वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को अचानक शुगर मिल की ओर मोड़ दिया। गेट पर शव रखकर धरना शुरू कर दिया गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठ हो गए और माहौल गमगीन होते-होते गुस्से में बदल गया। मिल गेट पर रोते-बिलखते परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मौत की गुत्थी सुलझेगी नहीं और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, शवों का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। उधर पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद रहा और लोगों को शांत कराने का प्रयास करता रहा।

# जिला महिला अस्पताल में डीएम के पहुंचने से हड़कम्प

## आनन-फानन में सही की गई व्यवस्थाएं, शिकायत न करने की नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण की खबर अधिकारियों व स्टाफ पर पहले ही पहुंच गई थी। आनन-फानन में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई और मरीजों व तिमारदारों को शिकायत न करने की नसीहत दी गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर जिला महिला अस्पताल, ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर सहित अन्य मेडिकल यूनिट्स का विस्तृत निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष अस्पताल डॉ. एके त्यागी, महिला अस्पताल की डॉ. प्रभा रानी, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, डीपीएम फारूक अजीज सहित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम ब्लड बैंक का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीरोलॉजी कक्ष, रक्त संग्रह कक्ष, ब्लड कंपोनेंट सेपरेट यूनिट तथा आरओ प्लांट का मुआयना किया। उनके द्वारा ब्लड स्टॉक रजिस्टर का मुआयना करते हुए रक्त संरक्षित रखने की जानकारी करने पर बताया गया कि अधिकतम 40 दिन तक रक्त को संरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने बायोमेट्रिक सिस्टम द्वारा उपस्थित दर्ज करने के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उसका विवरण तलब किया। ब्लड बैंक की गैलरी में फर्श टूटा हुआ पाए जाने और आरओ कक्ष का दरवाजा जर्जर पाए जाने पर उन्होंने तत्काल दोनों को सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लड बैंक के बाहर स्पष्ट शब्दों में वॉल पेंटिंग एवं फ्लेक्सी पर थैलेसीमिया से संबंधित आवश्यक जानकारी तथा रोग से पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क रक्त की उपलब्धता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी अंकित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल परिसर स्थित डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां मानक के अनुरूप सफाई व्यवस्था न पाए जाने पर निर्देश दिए कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए और हर समय विद्युत सुविधा को संचालित रखने के लिए डीजल का स्टॉक संरक्षित रखा जाए, ताकि आपातकाल स्थिति में उसको प्रयोग में लाया जा सके। निरीक्षण के समय तक कुल आठ रोगी डायलिसिस के पाए गए। उनके द्वारा डायलिसिस मरीजों से दी जा रही से सुविधाओं आदि के बारे में जानक. ारी प्राप्त की गई। उन्होंने महिला अस्पताल के तीसरी मंजिल पर निर्माणाधीन ब्लड कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण किया। यूपीसीएलडीएफ नामक कार्यदाई संस्था के मंडलीय अभियंता शोएब द्वारा बताया गया कि ब्लड कलेक्शन सेंटर 66 लाख 19 हजार की लागत से तैयार किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक माह के अंदर उक्त कार्य पूर्ण कर अस्पताल को हैंडोवर करना सुनिश्चित करें। ताकि उसका सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने जच्चा बच्चा वार्ड का निरीक्षण किया और वहां मौजूद महिलाओं एवं उनके नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, सुविधाओं की उपलब्धता, निशुल्क भोजन तथा अन्य संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि महिलाओं व बच्चों के मनो. रंजन के लिए वार्ड में एलईडी का संचालन सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की माताओं से चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।



उन्होंने महिला अस्पताल में बनी लिफ्ट का भी निरीक्षण किया, जो अभी तक संचालित नहीं है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि लिफ्ट से संबंधी सभी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करें, ताकि लिस्ट के संचालन के संबंध में आवश्यक प्रगति अमल में लाई जा सके। निरीक्षण के दौरान एक महिला द्वारा बताया गया कि कई दिनों से महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद है। जिसके कारण मरीज को बाहर से अल्ट्रासाउंड करना पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा दोबारा अस्पताल जाकर अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद पाया गया और उसमें कार्यरत डॉ. ज्योति बालियान 13 सितंबर 2025 से आज तक बिना किसी अवकाश के अनुपस्थित थी। उन्होंने डॉ. ज्योति बालियान द्वारा की जा रही लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उसका जवाब तलब करने के निर्देश दिए तथा प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि अल्ट्रासाउंड सहित सभी चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पूर्ण मानक के अनुरूप सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी द्वारा पुरुष मेडिकल कॉलेज के नाम निर्मित भवन का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल भवन के ग्राउंड फ्लोर पर बने किचन को संचालित करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द नए भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैंडोवर करें तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें हैं।

# ईनामपुरा में युवक की बेरहमी से हत्या

## रक्तरंजित शव झाड़ी में पड़ा मिला, चेहरा बुरी तरह से जख्मी

**विशाल खटीक**

**मडावर।** हत्यारों ने बेरहमी से युवक को मौत के घाट उतार कर एक घर का इकलौता चिराग बुझा दिया। शातिर हत्यारोपी धारदार हथियार से हत्या कर के शव को एक बाग की घनी झाड़ी में डाल गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी चौधरी चंद्रशेखर उर्फ शेखर (27 वर्ष) पुत्र चौधरी गजेंद्र उर्फ पप्पू सोमवार की शाम से घर नहीं पहुंचा था। परिवार के सदस्य जहां-तहां उसको खोजते हुए घूम रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। ग्राम के पास ही पुष्पेंद्र का आम का बाग है। जो देशी शराब के ठेके से लगा हुआ है। आज शाम लगभग तीन बजे परिवार के सदस्य बाग की झाड़ियों में जब उसे खोजने पहुंचे, तो वह हक्के-पक्के रह गए। बाग की घनी झाड़ियों में शेखर का शव पड़ा हुआ था। ये घनी झाड़ी वाजिदपुर से उत्तर की ओर जा रहे रास्ते के नजदीक थी, किन्तु सुबह से किसी की नजर इस झाड़ी में पड़े शेखर के शव पर आखिरकार क्यों नहीं गई। बाग में शेखर का रक्त रंजित शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद आसपास के ग्रामों के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक, अपर पुलिस अधीक्षक शहर संजीव बाजपेई, सीओ सिटी गौतम राय, प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज आदि भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थलीय निरीक्षण कर पुलिस टीम ने जांच के लिए घटना स्थल से सैंपल लिए।

इस दौरान ग्रामीण तब आक्रोशित हो गए, जब पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जा रही थी। ग्रामीणों ने गाड़ी को रोक कर शव को गाड़ी से उतार कर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। एसपी अभिषेक व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई ने उन्हें समझाया। तब कही वह पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।





## एक नजर

### मृतक के परिजनों से मिले सांसद



**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम रामदासवाली में लगभग 15 दिन पूर्व डालचंद के आठ वर्षीय पुत्र कनिष्क को गुलदार ने घायल कर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में गुलदार ने दो अन्य को मौत के घाट उतारा। बीती रात्रि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सासंद चंद्रशेखर ने रामदासवाली ग्राम पहुंच कर रात्रि विश्राम किया और मृतक बालक के परिजनों से मिलकर उनको सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग की उदास. ीनता पर नाराजगी भी व्यक्त की। इस मौके पर मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सैन हल्दिया, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, धर्मराज सिंह हल्दिया, आरिफ मलिक, अमित विश्वकर्मा, सुनील चौधरी, अब्दुल हई, इस्तेखार, रजत कुमार, अशोक कुमार, राज. कुमार, शमशाद आदि मौजूद रहे।

### आशाओं की सेवाएं होंगी समाप्त

**अफजलगढ़।** पिछले सप्ताह निजी अस्पतालों की जांच करने पहुंचे नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने में बताया कि दोषी पाए चार अस्पतालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर कार्यवाही की जाएगी तथा ब्लॉक क्षेत्र की लगभग एक दर्शन आशाओं पर भी गाज गिरेगी। आशाओं पर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती न करा कर मोटे कमीशन के लालच में प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराकर सरकारी योजनाओं से वंचित रखने का आरोप है। ब्लॉक क्षेत्र की लगभग 12 आशाओं की सेवा समाप्त कर दी जाएगी। जिसको लेकर आशाओं में हड़कभ मचा हुआ है। डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने बताया की प्राइवेट अस्पतालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

### एक की मौत, कई घायल



**नजीबाबाद।** आज सुबह तिसोत. रा ग्राम के कई लोग पिकअप से रोजाना की तरह नजीबाबाद की मंडी में सब्जी बेचने आ रहे थे। जैसे ही वह मंडावली क्षेत्र के ग्राम नयागांव के पास पहुंचे, तभी डंफर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल संदीप को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान संदीप (30 वर्ष) पुत्र जयपाल की मौत हो गई। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे है। जबकि कलवा, नकुल, आनंद, मोहित आदि को मामूली चोटें आई है। उन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मृतक के भाई कुलदीप ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

### बसपा कर रही नौ की तैयारी




**बिजनौर।** बसपा के जिला कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में बैठक हुई। मुख्य मंडल प्रभारी डॉ. कमल राज एवं मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली ऐतिहासिक महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गई। बैठक में अमल सिंह जाटव, जितेंद्र सागर, जिला अध्यक्ष अखलेश कुमार हितैषी एड., तिलकराज बौद्ध, चौधरी अमित कुमार, संजीव कुमार सैनी, नकुल बौद्ध, हारून मलिक, जीतराम सैनी, प्रवीण सिंह फौजी, सद्दाम राणा, नजाकत हुसैन, वीर सिंह, लोकेश कुमार, जसवंत सिंह उर्फ पप्पू, करतार सिंह, अमित प्रधान, विजेंद्र सिंह, नरेश कुमार एड., तेजपाल सिंह, मौहम्मद अली, सुशील कुमार, धनीराम सिंह, ब्रजवीर प्रधान, धर्म सिंह, प्रमोद कुमार, गजराज सिंह, लाखन सिंह, अमिचंद, नरेश कुमार, राम अवतार सैनी, संजय कुमार, विपिन कुमार, मौहम्मद ताजिम, सलीम अहमद, बंटी ड्राइवर, डॉ. यादराम, बासेराम, मास्टर संतराम, अमित कुमार, सुनील कुमार, छोटे सिंह, कृपाल सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठ्यक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | MBA
BCA | MCA
BBA | LLB
B.Com | LLM
BA LLB | M.TECH.
B.Sc Microbiology | MSW
B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc.
B.Sc Home Sc. | MA Education
B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अनिवार्य टेट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों शिक्षक शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किए गए निर्णय अनिवार्य टेट के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा को सभी सेवारत शिक्षकों को अनिवार्य करने संबंधी आदेश से लाखों शिक्षकों के सामने आजीविका संबंधी विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है।

प्रदर्शनकारी शिक्षकों का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला अनुच्छेद 14 और 16 का सीधा उल्लंघन करता है। जिसने देश भर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दो श्रेणियां मान्य की गई थी। पहली वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक से टीईटी से छूट प्रदान की गई थी। दूसरी 2010-2011 के बाद नियुक्त शिक्षक जिनके लिए एक निश्चित अवधि में टीईटी करना अनिवार्य किया गया है। न्यायालय ने इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने निवेदन किया है कि यह निर्णय केवल भविष्य लक्षी रूप में ही लागू हो। 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू न हो। जिसके अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं गरिमा अनुच्छेद 14 और 16 के अंतर्गत सुनिश्चित की जाए। लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति और आजीविका संकट बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधियुक्त शीघ्र कदम उठाए जाने का अनुरोध किया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का सुविचार मत है कि शिक्षा के गुणवत्ता बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक शिक्षकों के अधिकारों और उनके मान सम्मान की रक्षा करना है। क्योंकि शिक्षकों ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षण कार्य को समर्पित किया है। शिक्षकों की भावनाओं को समझते हुए उनके जीवन संकट और आजीविका को देखते हुए इस निर्णय पर केंद्र सरकार उचित समाधान निकाले।

ज्ञापन देने वालों में राज्य पुरस्कार प्राप्त सुनील कुमार, जयदीप मलिक, रूपेश राजपुर, सुरेन्द्र प्रकाश भटनागर, मंडल मंत्री रितेश भटनागर, योगेन्द्रपाल, चंचल राजपूत, नीरज, अभिनव गुप्ता, अनुराग पांडे, अभिनव गुप्ता, मुकेश देवरानी, अरुण उपाध्याय, गौरव चौधरी, जिला महामंत्री अमर सिंह, अभयवीर, चित्र कुमार, छाया, कामेश्वरी, श्वेता, मेघा, रोशन लाल, रूपाली, आसमा, भूवी, राखी सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इसके अलावा प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष रुचिता चौधरी, जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरशद जमाली, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलशन गुप्ता, आदेश पाल, अजहर जमाल आदि सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आरजेपी में वृक्षारोपण



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद एवं कुंवर धर्मवीरा की पुण्यतिथि व ओजोन दिवस पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, फैकल्टी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर कॉलेज परिसर मे वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर नीम एवं पीपल आदि ओषधीय पौधे लगाए गए। डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान, अंकित, राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, डॉ. फैजल अंसारी व सुनील भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए दी राहत सामग्री

**नजीबाबाद।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर निवासी ताजिर अली, दिलशाद मंसूरी, मौहम्मद अकरम आदि ने ग्रामीणों के सहयोग से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्र की गई 32352 रुपए की धनराशि तथा लगभग 32 कुंतल गेहूं, चावल, आटा, कपड़ा व मच्छर भगाने का तेल सहित एक लाख बीस हजार रुपए का खाद्य सामग्री एक लाख बीस हजार रुपए की खाद्य सामग्री नजीबाबाद के गुरुद्वारा गुरूनानक शाही में पहुंचकर भेंट की। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उक्त खाद्य सामग्री पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को भेजी जाएगी।

## अंश डबास का स्वागत

**बिजनौर।** 16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप श्यामकेंट, कजाकिस्तान से दो स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतने वाले युवा शूटर अंश डवास का स्वागत किया गया। विवेकानंद दिव्य भारती के पदाधिकारी व खेलप्रेमियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विकास भवन के सभागार में स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या शूटर अन्य खेलों के खिलाड़ी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्ण बोरा मुख्य विकास अधिकारी, दिनकर विद्यार्थी परियोजना निदेशक, टीकम सिंह सेंगर चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी, संरक्षक डॉ. सुबोधचन्द्र शर्मा, योगेन्द्रपाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती द्वारा संयुक्त रूप से अंश डबास को 50,000 रुपए का चैक, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास कार्यों की प्रगति में देश का गौरव : मौसम



**हल्दौर।** नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय सभागार कक्ष में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सदर विधायक के पति व भाजपा वरिष्ठ नेता मौसम चौधरी ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास कार्यों की प्रगति के लिए देश का गौरव बताते हुए उनका सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सदर विधायक के पति एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौसम चौधरी ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास कार्यों की प्रगति में देश का गौरव बताते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास कार्यों की सीढ़ी हैं, जो समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों व पंचायत सदस्यों से कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। चांदपुर सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि वही सरकार सर्वोपरि है, जो किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों का सम्मान करती है और उन्हें जागरूक बनाने का कार्य करती है। इस अवसर पर बीडीओ कुणाल रस्तोगी, देवमल बीडीओ व एडीओ पंचायत सुशील कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष कुमार, पूर्व पालिका चेयरमैन अमर सिंह उर्फ पम्मी, सचिव विनीत कुमार, शरद चौधरी, नईम अहमद समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह चौधरी व एडीओ आईएसबी अजयपाल सिंह ने किया।

# सरकारी जमीन पर आरा मशीन मालिकों का कब्जा

## नागरिकों को हो रही परेशानी




**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** आरा मशीन मालिकों द्वारा सरकारी जमीन पर पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। जिसकी शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर भी की गई, लेकिन इसके बावजूद आरा मशीन मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरा मशीन मालिकों के हौसले बुलंद है।

आरा मशीन मालिकों द्वारा डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से अतिक्रमण कर रास्ते को बाधित किया जा रहा है। जिसके कारण पैदल जाने वालें लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फ्लाईओवर के नीचे आरा मशीन मालिकों द्वारा लकड़ी के मोटे-मोटे लट्ठे डाल दिए जाते हैं। जबकि फ्लाईओवर पर जाने के लिए बच्चों व बुजुर्गों सहित सभी इस पैदल मार्ग का उपयोग करते हैं। आरा मशीन मालिकों के द्वारा किए गए अतिक्रमण की वजह से डर बना रहता है कि कोई बड़ी अप्रिय घटना न हो जाए।

इस अतिक्रमण की शिकायत दो बार आइजीआरएस पोर्टल पर भी की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों द्वारा सही आख्या प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अभी तक आरोपी आरा मशीन मालिक अपने खिलाफ कार्यवाही से बच रहे है। जिसके कारण आरा मशीन मालिकों के हौसले बुलंद हैं और उनमें शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। इनकी वजह से अन्य लोग भी मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर रहे है। प्रशासन लापरवाह बन कर रह गया है। अधिकारी बड़े अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करते है।

# आखिरकार पिंजरे में फंसा गुलदार

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना आदमखोर गुलदार आखिरकार पिंजरे में फंस गया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि आदमखोर गुलदार ने क्षेत्र में आतंक मचा रखा था। ग्राम इस्सेपुर के जंगल में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार फंस गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी गुलदार ने दो दिन पूर्व दलित महिला मीरा को हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लेकिन गुलदार के हमलों का खतरा अभी टला नहीं है। तहसील क्षेत्र में हाल ही में गुलदार ने हमला कर तीन को मौत के घाट उतार दिया था। पांच सितंबर को ग्राम कंडरा वाली में गुड़िया, आठ सितंबर मथुरापुर मोर में हर्ष एवं चौदह सितंबर को ग्राम इस्सेपुर के जंगल मे मीरा देवी को गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। ये तीनों इलाके आसपास के हैं और तीनों हमलों में एक ही गुलदार को शामिल होना माना जा रहा था। वन विभाग की टीम लगातार नजरें बनाए हुए थी। रविवार की रात्रि को ग्राम इस्सेपुर के खेत में एक गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे के पास आया था, लेकिन पिंजरें में नहीं गया था। सोमवार रात भी दो टीमें गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के इंतजार में बैठी रही, लेकिन गुलदार नहीं आया। लेकिन आज सुबह पिंजरों को देखा गया, तो इस्सेपुर के खेत में रखे एक पिंजरे में गुलदार फंसा मिला।

गुलदार के लगातार हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आक्रोशित किसान भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता डीएफओ कार्यालय में धरना दे रहे हैं। भाकियू कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डीएफओ कार्यालय के अंदर पशुओं को बांध दिया था और उनके द्वारा किए गोबर से कार्यालय प्रांगण में उपले तैयार किए थे। आदमखोर गुलदार के पिंजरे में कैद होने से ग्रामीणों ने थोड़ी राहत की सांस ली है, लेकिन गुलदार के हमलों का खतरा बना हुआ है। क्योंकि क्षेत्र में कई दर्जन गुलदार मौजूद होने की बात सामने आ रही है।

## आम के हरे-भरे पेड़ों पर चल रहा आरा



**अफजलगढ़।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आम के बागीचों का अस्तित्व मिटता जा रहा है। आम के हरे भरे पेड़ों पर दिन रात आरा चलाए जा रहे हैं। हरे-भरे वृक्षों के कटान के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। वन विभाग की मिलीभगत के चलते वनमाफिया तथा कालोनाइजरों द्वारा राजस्व को भारी हानि पहुंचाई जा रही है। गौरतलब है कि वन माफियाओं द्वारा दिन रात हरे-भरे आम के बागों को काटकर पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है। वन माफिया रात्रि में आम के पेड़ों को काटकर सबूत मिटाने की नियत से जेसीबी मशीन द्वारा जड़ उखाड़कर ले जाते हैं। वन विभाग भी अवैध लकड़ी कटान पर नकेल कसने में नाकाम नजर आ रही है। जिससे स्पष्ट है कि वन विभाग के कुछ कर्मचारी अवैध लकड़ी कटान में लिप्त पाए जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। सरकार लगातार वृक्षारोपण कर लगाकर हरियाली को बढ़ावा देकर हरा-भरा बनाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन वहीं लकड़ी माफियाओं ने वृक्षों का अवैध कटान कर पर्यावरण को नष्ट करने की कसम खाई है।

## चार्ट प्रतियोगिता में काजल अव्वल

**चंदक।** रामपाल सिंह महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व सचिव तपराज सिंह देशवाल व डॉ. शिवानी देशवाल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस मनाने के बारे में बताया। साथ ही साथ डॉ. शिवानी देशवाल ने हिंदी के महत्व को बच्चों को समझाया। हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर व चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम काजल, द्वितीय मनु शुक्ला व ततीय बीएस.सी. प्रथम सेम एवं सांत्वना पुरस्कार हिमानी रानी बीए तृतीय सेम को दिया गया। प्राचार्या डॉ. रूबी ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रवक्ता मीनाक्षी राजपूत, दीपक कुमार, मोनिका सैनी, वर्षा, डॉ. नीलम शर्मा, प्राची, शुभम कुमार, ऋषभ कुमार, प्रिया, हिमानी, मनोज कुमार, नितिन कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेनू राजपूत द्वारा किया गया।

# पंजाब में पीस पार्टी का सराहनीय कार्य

## जिलाध्यक्ष इफ्तेखार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल पीड़ितों के बीच पहुंचा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भले ही पीस पार्टी को छोटी पार्टी बताया जाता है, लेकिन इसके नेताओं व कार्यकर्ताओं का दिल बहुत बड़ा है। पीस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंजाब में सरहद के समीप गरीब बाढ़ पीड़ितों के समीप पहुंच कर उन्हें राहत सामग्री व नकदी बांटी। पीस पार्टी की इस पहल का स्थानीय सिख समाज ने स्वागत करते हुए कहा कि इनका दिल अल्लाह पाक ने बहुत बड़ा बनाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल सरहद के समीप गरीब व सबसे ज्यादा प्रभावित बाढ़ पीड़ितों से मिला और उन्हें अपने साथ ले जाई गई राहत सामग्री बांटी। प्रतिनिधिमंडल में शहजाद मकसूद, तसलीम मंसूरी, जाहिद अंसारी, विकास अहमद, शमशाद अहमद आदि शामिल थे। वह तीन दिन तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कोनीवाल, रामदास, बाबा डेरा नानक व अमृतसर देहात क्षेत्र में रहे। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों की घर-घर जाकर मदद की और उनके दुख में शरीक हुए। जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने बताया कि फसलों का भारी नुकसान हुआ है। खेती की जमीनों पर तीन-तीन फिट रेत का अंबार लग गया है। जमीन भी खेती लायक नहीं बची है। पीड़ितों को संभलने में सालों लग जाएंगे। कुछ लोगों के मकान बैठ गए हैं और कुछ के टूट गए हैं। किसी का तो पूरे का पूरा मकान साफ हो गया है। पता ही नहीं लग पा रहा है यहा कभी मकान भी था। भाजपा सरकार एवं प्रदेश की आम आदमी पार्टी की सरकार ने वहां पर अभी तक कोई खास मदद नहीं है। भला हो उन मदरसों का और तमाम समाजसेवी संस्थाओं का, जिन्होंने पंजाब को ज्यादा परेशान होने से बचा लिया।

उन्होंने कहा कि इस नेक मदद में सबसे बड़ा व अहम रोल पंजाब के शाही ईमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी का है। वह अपनी तरफ से एम्बुलेंस, तमाम मेडिकल एड. खाने पीने का सामान, मकान बनाने के लिए बड़ी रकम मदद के रूप दे रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने शाही इमाम से भी मुलाकात की। उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किए गए काम के बारे में बताया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की भरपूर सराहना की। जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा पीस पार्टी हमेशा इसी तरह गरीब, मजदूर व मजलूम की मदद करती रहेगी।

## एक नजर

### मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** मौहल्ला चिम्मन बाजार सातो इमली के पास पर कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को सड़क पर गिराकर गुंडई करने व उसको बुरी तरह पीटने पर पहुंचे उप निरीक्षक रोबिन कौशिक के द्वारा मारपीट करने वालों को मना करने पर कुछ युवकों ने गाली गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी भी दी। इसी दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने खुलेआम सड़क पर गुंडई कर रहे युवको को भागते हुए सातो इमली चौराहे से पकड़ लिया। इस मामले मे उप निरीक्षक द्वारा आरोपी राशिद पुत्र बाबू, खालिद पुत्र बाबू, परवेज पुत्र इस्तेखार निवासी मौहल्ला चिम्मन, अलीम अहमद पुत्र नसीम अहमद व रिहान अहमद पुत्र इदरीस अहमद निवासीगण मौहल्ला चिम्मन थाना चांदपुर, मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी मौहल्ला कायस्थान थाना चांदपुर तथा पांच अज्ञात व्यक्ति नाम व पता नामालूम के द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति को सड़क पर डालकर मारने पीटने से रोकने को कहने पर इन सभी ने सरकारी कार्य मे बाधा डालने, गाली गलौच करने, लाठी डंडों से उप निरीक्षक रोबिन कौशिक के साथ मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को सातो इमली चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनका आपराधिक इतिहास बताते कहा कि अकेले खालिद पर थाना नूरपुर, हीमपुर दीपा, चांदपुर में लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है, जबकि परवेज पर चांदपुर थाना में दो मामले दर्ज हैं।

### वर्धमान में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम



**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज के गणित विभाग की रामानुजन मैथमेटिकल सोसायटी एवं गुरु जंभेश्वर प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई विकास कार्यालय आगरा द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना और डॉ. पूनम शर्मा प्रभारी गणित विभाग के साथ-साथ मुख्य अतिथि के रूप में आगरा से आए जितेंद्र कुमार यादव, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, आगरा और अमित कुमार उपायुक्त उद्योग जिला उपकेंद्र एवं नितिन आजाद, सह प्रबंधक, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक, बिजनौर द्वारा किया गया। जितेंद्र कुमार यादव ने छात्र व छात्राओं को उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत तथा भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि विद्यार्थी इन योजनाओं का लाभ लेकर कैसे सफल उद्यमी एवं रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं। अमित कुमार उपायुक्त ने एमएसएमई की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. राजीव विश्नोई, डॉ. पंकज भटनागर, डॉ. धर्मेंद्र यादव, डॉ. राजीव मलिक, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. विकास, आदया एवं रिया आदि मौजूद रही।

### बढ़ापुर में युवती ने खाया जहर

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी युवती का अपने ही सजातीय युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बीती शाम युवती की किसी बात को लेकर अपने प्रेमी से कहासुनी हो गई। जिसके बाद उसने जीवन लीला समाप्त करने के इरादे से जहरीले पदार्थ को निगल लिया। युवती की हालत बिगड़ने पर स्वजन में हड़कंप मच गया और स्वजन ने पीआरवी 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन की मदद कर युवती को उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने मंगलवार को युवती को घर भेज दिया है। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवती की हालत सामान्य है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बंदरों के हमले में घायल

**नूरपुर।** ग्राम मोरना निवासी भानु प्रताप सिंह पर बंदरों ने हमला कर दिया। वह बुरी तरह से घायल हो गए। उन्होंने अपनी व परिवार की बाम. ुश्किल से जान बचाई। घायल को एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर उनका उपचार कर रहे हैं। बंदरों के आतंक से महिलाओं ने घरों की छतों पर कपड़े फैलाने बंद कर दिए हैं। बंदर घरों में रखे कीमती सामानों को नुकसान पहुंचाते हैं। क्षेत्रवासियों ने कई बार जिले के उच्चाधिकारियों से बंदर व कुत्ते पकड़वाने की मांग की है। मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। बंदरों व कुत्तों ने छोटे-छोटे स्कूली बच्चों पर भी हमला कर दिया है।

### हार्टअटैक से हुई थी वृद्धा की मौत

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गंधौर में खेत पर चारा लेने गई मुन्नी देवी (65 वर्ष) पत्नी करण सिंह की अचानक हुई मौत के बाद जहां हीमपुर दीपा पुलिस को सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया था। वही मृत्यु का सही कारण जानने के लिए हीमपुर दीपा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया था। आज पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीमपुर दीपा थाना प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में हार्ट अटैक आने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अब तरह-तरह की चर्चाओं पर विराम लग गया है।

### बुंदकी क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**बुंदकी।** स्थानीय बस्ती के साथ-साथ पास के ग्राम जोगीरम्पुरी में भी गुलदार ने आतंक मचा रखा है। रायपुर सादात की काला आम की बस्ती में गुलदार ने आतंक मचा रखा है। वन विभाग के अधिकारियों ने पिंजरा भी लगाया था। लेकिन गुलदार अभी तक पिंजरे में कैद नहीं हो पाया है। गुलदार एक बकरा और एक बकरी तथा दो गाय को अपना निवाला बना चुका है। देर शाम ग्राम जोगीरम्पुरी में गुलदार ने एक बकरे को निवाला बना लिया। लियाकत कस्सार के गन्ने के खेत की बराबर में इदरीस का घेर बना हुआ है। जिसके चारों ओर करीब सात-सात फीट ऊंची दीवारें खड़ी है। इदरीस देर शाम अपने तीन बकरी बकरे घेर में बांधकर खाना खाने के लिए पड़ोस में ही अपने घर चला गया। इसी दौरान ग्राम जोगीरम्पुरी निवासी अंसार पुत्र मुख्तार बाइक से छोटी नहर की पटरी से होता हुआ घर आ रहा था। लियाकत कस्सार के गन्ने के खेत की बराबर में नहर की पटरी पर गुलदार बैठा हुआ उसे दिखाई दिया। वह बाइक छोड़कर भाग खड़ा हुआ। अंसार ने गुलदार का शोर मचाया, तो इदरीस ने जाकर अपने घर में देखा। उसका करीब दो साल का बकरा गायब था। लोगों ने बकरे को काफी तलाश किया। लेकिन नहीं मिला सवेरे तलाश करने पर उसके अवशेष मिले। जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रफी अंसारी ने गुलदार के द्वारा की गई घटना की सूचना नजीबाबाद के वन अधिकारियों को दे दी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम SHAMASHID AHMAD था। मैंने अपना नाम बदलकर SHAMSHEED AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम SHAMSHEED AHMAD S/O अब्दुल वहीद ग्राम इस्लामपुर दीपा, पोस्ट व जिला बिजनौर से जाना व पहचाना जाये।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

## कर्मचारियों व छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा घोषित स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद धामपुर में आज से अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'स्वच्छोत्सव' रखी गई है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों में जागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर के विभिन्न विद्यालयों में शपथ ग्रहण से हुई। सफाई निरीक्षक हमेंद्र सिंह ने जैन कन्या पाठशाला/स्वच्छ सारथी क्लब की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसी क्रम में सफाई निरीक्षक विकास कुमार लोहार ने कन्या इंटर कॉलेज में अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को शपथ दिलाई। वहीं सफाई लिपिक नितिन अग्रवाल ने लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज/स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं को स्वच्छता के लिए संकल्प दिलाया। इसके बाद नगर पालिका प्रांगण में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए पालिका के सभी सभासदों, अधिकारियों, कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को स्वच्छता से जुड़ी शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में सफाई मित्रों से लेकर स्कूली छात्राओं तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मौहल्ले और नगर को स्वच्छ बनाने में योगदान देंगे। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सबका दायित्व है। जिस दिन लोग अपने घर के बाहर का कचरा खुद उठाना शुरू कर देंगे, उस दिन शहर वास्तव में स्वच्छ कहलाएगा।

## गुलदार ने बछिया व बकरे को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** गुलदार ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर एक बछिया और एक बकरे पर हमला कर मार डाला। ग्राम मुकंदपुर राजमल निवासी महावीर सिंह ने पशुपालन के लिए गांव के बाहर भट्टे के समीप डेरा डाल रखा है। देर शाम महावीर सभी पशुओं को डेरे में बांधकर घर चला गया। आज सुबह जब वह डेरे पर पहुंचा तो बछिया डेरे से गायब थी। तलाश करने पर पास के गन्ने के खेत में बछिया मृत पड़ी हुई थी, जिसको गुलदार ने मारकर उसका कुछ भाग खा लिया था।

उधर ग्राम अफजलपुर भाऊ उर्फ भाऊवाला निवासी सुरेंद्र पाल सिंह ने मकान की छत पर बकरी पाल रखी है। देर शाम वह बकरियों को छत से नीचे उतार रहा था। तभी पास में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ पर घात लगाए बैठे गुलदार ने छत पर छलांग लगाकर बकरे को दबोच लिया। बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर सुरेंद्र सिंह छत पर पहुंचा तो गुलदार ने बकरे की गर्दन को दबोच रखा था। शोर मचाने पर गुलदार पेड़ के सहारे उतर गया।

# पंचायत सहायक होंगे ग्राम विकास के आधार: सतेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल के कुशल निर्देशन में चल रहे डीपीआरसी गजरौला, अमरोहा पर जनपद बिजनौर के विकास खण्ड नूरपुर एवं स्योहारा के पंचायत सहायकों की चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण में डीपीआरसी गजरौला सीनियर फैकल्टी कम मैनेजर सत्येंद्र शर्मा ने प्रशिक्षण में आए हुए विकास खण्ड नूरपुर एवं स्योहारा के पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं पंचायती राज व्यवस्था की विषय में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 1993 से पंचायतें वास्तविक रूप से अस्तित्व में आई और पंचायत को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ है। 73वां संविधान संशोधन विषय पर बात करते हुए प्रशिक्षक अब्दुल कादिर ने आए हुए प्रतिभागियों को बताया कि 73वां संविधान संशोधन में चुनाव की समय सीमा निश्चित की गई एवं महिलाओं को 33% आरक्षण व राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के कार्य एवं उनके दायित्व का भी वर्णन किया गया। प्रशिक्षक ईशांत शर्मा ने सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के विषय पर बात करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें 9 थीम पर कार्य करते हुए सतत् विकास के लक्षण की प्राप्ति के लिए कार्य कर रही है। प्रत्येक पंचायत जो थीम में से प्रतिवर्ष एक थीम पर अपनी जीपीडीपी में शामिल करके ग्राम पंचायत के विकास की गाथा लिख रही है। प्रशिक्षण में रेखा सैनी के द्वारा मातृ भूमि योजना एवं पंचायत घरों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में डीपीआरसी गजरौला सीनियर फेकल्टी सतेन्द्र शर्मा, प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, अब्दुल कादिर, मौहम्मद वसीम, रेखा सैनी, खुशी रानी, लव कुमार एवं पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल की ओर से यहां सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। सुबह से ही श्रद्धालु जुटने लगे और मंदिर प्रांगण भक्ति भाव से भर गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जयकारों के साथ हुआ। इसके बाद मंच पर भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। 'राम जी से राम राम कहियो हनुमान जी' भजन जब गाया गया तो श्रद्धालु झूम उठे और तालियां बजाकर भक्ति का आनंद लिया। भजनों के बीच भक्तों ने 'जय बजरंगबली' और 'जय श्रीराम' के जयकारों से वातावरण गूंजा दिया।

## भजनों से गूंजा वातावरण

अंत में संस्था की ओर से आयोजक परिवार को श्रीराम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अजय वीर सिंह, प्रयास कुमार, परमवीर सिंह, विजयपाल सिंह, राजू गुप्ता, क्रांति देवी, इशांक कुमार आदि मौजूद रहे। संस्था से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल के साथ मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी और सर्वेश गिरी भी शामिल रहे।

कार्यक्रम का समापन बजरंग बली की आरती और प्रसाद वितरण से हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# वर्ल्ड ओजोन -डे पर पोस्टर प्रतियोगिता

## ओजोन परत को बचाने के उपाय बताए




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ साइंस के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आजोन दिवस का अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग मे पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माहविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों पर लोगो को जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने विभिन्न पोस्टर द्वारा एक ऐसा वातावरण विकसित करने की कोशिश की। जिसमें ओजोन परत की समस्या और उसे बचाने के उपाय को पहचान जाये। इस प्रतियोगिता में विभिन्न पोस्टर जैसे त्वचा कैंसर, आंखों की बीमारी आदि गम्भीर बीमारियों के लक्षण तथा उनसे बचने के उपाय बताये तथा साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने पोस्टर द्वारा बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल के सगताप मंडल (stratosphere) मे स्थित एक सुरक्षात्मक दल है, जो सूर्य से आने वाली हानिकारक परोबैंगनी (UV) किरणों को रोकती हैं लेकिन मानव गतिविधायों के कारण यह परत धीरे धीरे क्षतिग्रस्त ही रही है। कार्यक्रम के समापन मे विभाग अध्यक्षा डॉ. ज्योत्सना सिंह ने बताया के मुख्य कारण बताया जैसे क्लोराफेलारोकार्बन (CFCs) जैसे रसायनों का अत्याधिक प्रयोग औद्योगिक प्रदूषण और हानिकारक गैसों का उत्सर्जन, एरोसोल और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को ओजोन परत को बचाने के विभिन्न उपाय बताए- जैसे (CFCs) और उन्य हानिकारक गैसो का प्रयोग बंद करना, ओजोन हितैशी (Ozone Friendly) उत्पादों का उपयोग करना अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और वनों की कटाई रोकना जागरूकता फैलाना आदि में अपना योगदान देने के लिये प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का आंकलन प्रदूषण नियन्त्रण बार्ड क्षेत्रीय अधिकारी, डॉ. उमेश चन्द्र शुक्ला ने तथा प्रदूषण नियंत्रण के सहायक वैज्ञनिक एस.के. त्रिपाठी ने किया। जिसमें प्रथम स्थान अंजली, द्वितीय स्थान रीचा तथा तृतीय स्थान उर्वशी ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में एमएसडब्लू के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरूप और सहायक प्रवक्ता रजविंदर कौर व सहायक प्रवक्ता इफरा परवीन ने अहम योगदान दिया।

## एक नजर

### भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत चुनाव के ब्लाक संयोजक देशबन्धु ने की। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश ने पार्टी पदाधिकारियों से कई प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक नरेश भाटी ने कहा कि पार्टी का हर एक वह कार्यकर्ता पदाधिकारियों से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रूपरेखा व तैयारी के विषयों को लेकर अहम चर्चा की। बैठक में नूरपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष नूरपुर से निशांत कर्णवाल, गोहावर से विनय चौहान,मोरना से धर्मेंद्र सैनी,फीना से नवनीत राणा एवं विवेक सरो. हा,मंडल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, पूर्व महामन्त्री रामअतार चौधरी,जुगनु चौधरी,सुनीश चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आरबीडी में कार्यशाला



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में एक सप्ताह की शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. सुरेश सिंह विभाग अध्यक्ष अध्यापक शिक्षा विभाग ने किया। बीएलएड विभाग अध्यक्ष डॉ. सारिका सिंह ने विचार रखें। कार्यशाला बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने अपनी-अपनी पाठ योजना बनाकर प्रस्तुत की। इस पाठ योजना के प्रस्तुतीकरण के उपरांत संबंधित शिक्षकों ने फीड बैक देकर उनके शिक्षण को ज्यादा उत्तम बनाने का प्रयास किया। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. नज्मुन्निसा, डॉ. शिरीन, डॉ. मुकुल पवार, रेणु, ज्योति, हिमानी, अनुष्का वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत





**बिजनौर।** प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) द्वारा आईटीआई के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर प्राईवेट आईटीआई, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में छात्र विशाल ने 82.67 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, फिटर ट्रेड में प्रथम वर्ष के छात्र विनीत ने 80.50 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान व फिटर ट्रेड द्वितीय वर्ष के छात्र मेहुल चौधरी ने 92.17 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, मेकेनिक डीज़ल ट्रेड में छात्र आमिर हमज़ा ने 87.67 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान व कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेन्टीनेन्स ट्रेड में छात्र इन्तेज़ार अहमद ने 84.33 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विकास कार्यों की जांच की मांग



**धामपुर।** ग्राम हुसैनपुर धामपुर में ग्राम वासियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए त्रुटिपूर्ण व अनियमितता बरतकर हुए विकास कार्यों पर चर्चा की गई। साथ विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग भी की। ग्राम हुसैनपुर स्थित नरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में ग्राम वासी ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि गांव में जो भी विकास कार्य कराए गए हैं, उनमें अनियमितताएं बरती गई है, जिस कारण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव के पानी की निकासी के लिए जो नाला बनाया गया है, वह क्षतिग्रस्त हो गया है। इतना ही नहीं नल के ऊपर डाले गए पट हल्के से वजन से ही ध्वस्त हो गए हैं । जबकि गांव में इस बार हुई बरसात के कारण अत्यधिक जल भराव की समस्या से दो-चार भी होना पड़ा है। ग्रामीणों के घरों में 2 से 4 फुट तक पानी भर गया था, जिससे लोगों का लाखों का सामान भी खराब हो गया है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से गांव में हुए विकास कार्यों की जांच कराई जाने की मांग उठाई है। इस अवसर पर अनित कुमार, मान,सिंह, मधुसूदन, अशोक कुमार, हितेश, दुष्यंत कुमार, विजयपाल सिंह, अतुल कुमार, महेश राणा, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, अनुज कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, शमशेर सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह तथा संचालन मुन्ना सिंह ने किया।

# 36 मेधावियों को मिली स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म

## शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नगर के विद्या मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म वितरित की गई।

इस अवसर पर विद्या मंदिर धामपुर के अलावा शिशु मंदिर धामपुर और शिशु विद्या मंदिर नहटौर के विद्यार्थी भी शामिल हुए। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में से कई ऐसे थे, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, लेकिन पढ़ाई में वे लगातार अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।

स्कॉलरशिप का वितरण ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन के डायरेक्टर और वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संस्था का मकसद है कि मेधावी छात्र अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और किसी आर्थिक तंगी के कारण पीछे न रह जाएं। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और समाज का नाम रोशन करने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह और पूर्व उपप्रधानाचार्य राधाकृष्ण कटियार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म पाकर खुशी जताई और कहा कि यह सहयोग उनके लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा है।

# छात्राओं व स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सरकार के आदेश पर पालिका के लिपिक ताहिर हुसैन के नेतृत्व मे शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं व स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।

मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज मे पालिका द्वारा शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओ व स्टाफ को पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने, संसाधनों की कम से कम बर्बादी न करने, प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करने, प्लास्टिक की जगह पेपर बैग, जूट कपड़े के बैग इस्तेमाल करने, पर्यावरण की साफ सफाई रखने, अपने आसपास साफ-सफाई रखने व ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर पालिका लिपिक ताहिर हुसैन, प्रधानाचार्य नूरअफ्शा, गुलनाज, सबा, मनीष, यासमीन, बबीता, नीरू आदि स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिविल पेंशनर परिषद की बैठक में स्वास्थ्य दावों के निस्तारण पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सिविल पेंशनर परिषद की बैठक श्री सत्यधाम धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आनंद सिंह ने की, जबकि संचालन राजेंद्र सिंह ने किया।

बैठक में पेंशनरों ने सरकार से 15 वर्ष की सेवा कटौती वाले प्रकरण में 10 वर्ष 8 माह की अवधि को मान्य कर आदेश जारी करने की मांग की। साथ ही स्वास्थ्य दावों के निस्तारण को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक के अंत में अध्यक्ष आनंद सिंह ने अपने भावपूर्ण और ओजस्वी गीत से सभी उपस्थित पेंशनरों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने अपील की कि 'प्रत्येक माह की 16 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर परिषद की बैठक में शामिल हों, ताकि सामूहिक आवाज को और बुलंद किया जा सके।'

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। बैठक में सतीश चौहान, धर्मेश चौहान, प्रवीण सिंह, लोकेन्द्र शर्मा, विनोद चौहान, डॉ. रघुवंशी, डॉ. सुभाष, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, सुरेंद्र शर्मा, राजपाल समेत बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

# 'हम' ने आरयूएम के टॉपर किए सम्मानित

## विद्यार्थियों को सीपीआर का डेमो देकर बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सामाजिक संस्था हम वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल में टॉपर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं देशभर में चल रही सीपीआर की दिक्कत के बारे डेमो करके समझाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक संस्था हम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डा. सोहराब अहमद के नेतृत्व में 2024-25 में स्कूल में हाईस्कूल टॉपर रही हुमेरा परवीन, तानिया कशिश, छवी को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने हम संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को चाहिए कि अपना भविष्य बनाने के लिए लगन के साथ पढ़ाई करें और जिन्दगी में इन्सान को ऐसे काम करने चाहिए, जिससे आप का ही नहीं बल्कि मां-बाप का नाम रोशन हो सके। वहीं संस्था के अध्यक्ष डा. सोहराब अहमद ने कहा कि उनकी संस्था का मकसद गरीब व बेसहारा लोगों की मदद सहित अन्य कार्यो के साथ-साथ स्कूल के टॉपर बच्चों का हौंसला बढ़ाना उनका मकसद है। डा. सोहराब ने कहा कि देश भर में इस समय बढ़ रही सीपीआर की दिक्कत से लोगों की जान जा रही है। जिसको लेकर डा. सोहराब ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को डेमो करते हुए बताया कि अगर इस बारे में पूरी जानकारी होगी तो आप किसी की भी जान बचा सकते है।

इस मौके पर अध्यक्ष मौहम्मद शादाब, उपाध्यक्ष इजहार नबी, महासचिव नदीम इदरीसी, सचिव डॉ. सोहराब, मीडिया प्रभारी, अब्दुल मुतल्लिब सहित आदि संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# अदालत में लम्बित सम्पत्ति पर गरजा बुलडोजर जस्टिस

○ राजस्व प्रशासन पर एकतरफा भेदभावपूर्ण कार्यवाही का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अदालत में विचाराधीन सम्पत्ति पर बुल्डोजर जस्टिस गरज गया। प्रशासनिक कार्यवाही से वहां हड़कम्प मच गया। एक पक्ष ने बुल्डोजर से ढहाये गए टिन शेड वाले होटल को अपना होने और एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप लगाया। जबकि दूसरे पक्ष की महिला ने सम्पत्ति अपनी होने का दावा किया।

हयात नगर थाना क्षेत्र की उप नगरी सराय तरीन पुलिस चौकी से कुछ कदम की दूरी पर सम्पत्ति स्थित है। जिसमें खाने का होटल चल रहा था। उक्त सम्पत्ति पर सिविल अदालत चन्दौसी में वाद विचाराधीन है। लेकिन अदालत में मामला लम्बित होने के बाद भी मंगलवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम वहां पहुंची और अवैध रूप से कब्ज़ा बताकर बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी। अदालत में मामला विचाराधीन होने के बाद भी बुल्डोजर कार्यवाही की जानकारी मिलते ही मौके पर शहाबुददीन पहुंच गए। उन्होने बुल्डोजर जस्टिस कार्यवाही पर सवाल खड़े करते हुए विरोध जताया। मामला पुलिस चौकी पहुंचा और कुछ देर वार्ता की गई,लेकिन कुछ देर के बाद ही टिनशेड वाले होटल की सम्पत्ति पर बुल्डोजर की गर्जना शुरू कर दी गई। शहाबुददीन का कहना था कि उक्त सम्पत्ति को लेकर पूर्व में भी मुकदमें चल चुके हैं जबकि धारा 145 के तहत कार्यवाही की गई थी लेकिन उसमें भी उनके हक में आदेश हुए था। उन्होने बताया कि निर्वतमान उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा को भ्रमित किया गया था लेकिन उन्होने कोई कार्यवाही नहीं की थी। अब उपजिलाधिकारी विकास चंद को भ्रमित करके आदेश करा लिया गया। जबकि उन्हे कोई नोटिस नहीं दिया गया। जो नोटिस चस्पा किया गया है उस पर चर्तुसीमाएं भी अंकित नहीं है। उन्होने राजस्व प्रशासन पर एक तरफा भेदभाव पूर्ण कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी इस भूमि को नहीं छोड़ेंगे।



सम्भल- अदालत में विचाराधीन सम्पत्ति पर ध्वस्तीकरण करता बुलडोजर जस्टिस।



सम्भल- अदालत में लम्बित सम्पत्ति पर बुल्डोजर जस्टिस कार्रवाई के दौरान जमा भीड़।

# ध्वस्तीकरण की गई सम्पत्ति पर एडीजे की अदालत दे चुकी है निर्णय

○अदालतों के निर्णय को नजरांदाज कर दिए ध्वस्तीकरण के आदेश, 145 के तहत भी उपजिलाधिकारी की अदालत दे चुकी है फरीउददीन के हक में फैसला, उपजिलाधिकारी ने दिलाया था कब्ज़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिस होटल वाली सम्पत्ति पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्यवाही की गई है उसको अपना होने का दावा करने वाले पहले ही सिविल अदालत से लेकर अपीलीय न्यायालय तक से मुकदमा हार चुके हैं। लेकिन प्रदेश में चल रहे बुल्डोजर जस्टिस की कार्यवाही पर प्रशासनिक अधिकारी को भ्रमित कर एक बार फिर गड़े मुर्दे उखाड़कर बुल्डोजर की कार्यवाही करा दी गई। इससे राजस्व प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो गए है जबकि प्रशासन पर भेदभाव पूर्ण व एकतरफा कार्यवाही के आरोप लगना स्वभाविक हैं।

हयात नगर थाना क्षेत्र की उपनगरी सराय तरीन पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित भूमि पर वर्षो से खाने का होटल संचालित है। टिन शेड के नीचे चल रहे इस होटल वाली सम्पत्ति को लेकर वर्ष 1971 में विवाद की शुरूआत हुई थी। भूमि को अपनी होने का मुन्सिफ न्यायालय सम्भल की अदालत में निजामुददीन, कमरूददीन और वहीदउददीन की ओर से भगवंत सिंह के खिलाफ 179 सन 1971 दीवानी का वाद दायर किया गया था। दौरान मुकदमा मुकदमें के प्रतिवादी की मौत होने पर उनके स्थान पर भारत सिंह ओर विद्यावती के बीच मुकदमा चला। अदालत में चली सुनवायी में मुन्सिफ न्यायालय सम्भल ने 13अगस्त 1976 को मुकदमे का फैसला वहीउददीन खां हक में सुनाया। सम्पत्ति का वाद वादी के हक में डिक्री होने के बाद दूसरे पक्ष की ओर से अपर जिला जज मुरादाबाद की अदालत में अपील संख्या 565 सन 1976 निजामुददीन के खिलाफ दायर की गई। लेकिन एडीजे मुरादाबाद की अदालत में उक्त अपील को 24.08.1978 को खारिज कर दिया गया। भूमि के स्वामित्व का दावा कर रहे शाहबुददीन ने बताया कि अपीलीय न्यायालय से उनके हक में फैसला आने के बाद 145 के तहत की गई कार्यवाही में तत्कालीन उपजिलाधि कारी की अदालत से मुकदमा नम्बर 2/8/46अशोक कुमार बनाम निसारूददीन में शाहबुददीन के पूर्वजों को कब्ज़ा दिलाया गया। तब से लेकर उक्त सम्पत्ति उनके कब्जे व दखल में चली आती है। इस बीच भगवंत सिंह के बेटे की बइ,हू ने अशोक कुमारी के हक में बैनामा कर दिया। वादी शाहबुददीन के अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुकदमा हारने के बाद उक्त सम्पत्ति का बैनामा किया गया। जो किसी भी कानूनन गलत है। इस मामले को लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन चन्दौसी की अदालत में मुकदमा विचाराधीन है। जिसकी आज सुनवायी की तिथि नियत थी,लेकिन दूसरे पक्ष ने उपजिलाधिकारी को भ्रमित कर कब्ज़ा कराने की कार्यवाही की गई है।

## असमोली विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** किसानों की समस्या को लेकर विधायक पिंकी यादव ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र लिखकर कहा कि असमोली विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से ग्रामीण और पिछड़ा इलाका है, जहां की अधिकांश जनता खेती पर निर्भर है। विधायक ने पत्र आलू किसानों के सामने खड़ी बड़ी समस्या का उल्लेख करते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। साथ ही सबसे बड़ी समस्या एम.पी.के. खाद एमोनियम फॉस्फेट की किल्लत की की जानकारी देकर समस्या का समाधान करने की मांग की।

## दिव्यांगजन विभाग की बैठक में की गई चर्चा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दिव्यांगजन विभाग कार्यों एवं योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधावी पाण्डेय ने पूर्व बैठक में की गई कार्यवाही की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायत से आने वाली दिव्यांगजन सर्वे रिपोर्ट के विषय में जानकारी ली जबकि संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही शत प्रतिशत सर्वे किया जाए। इसके अलावा पोर्टल पर लंबित मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल निस्तारण , सीएसआर एवं दिव्याशा केंद्र पर चर्चा की। बैठक में आगामी सम्भल कल्कि महोत्सव में दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम पर प्लानिंग करने के निर्देश दिए। दिव्यांगों को श्रृण तथा सीएम युवा उद्यमी योजना से दिव्यांगों को जोड़ने के संबंध में भी चर्चा की।बैठक में एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों को बैंकों से लोन दिलाये जाने को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुगम्य परिवहन पर चर्चा करते हुए बसों में सीट आरक्षित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पुनर्जीवन की आस में अटकी है सांस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में बहने वाली महावा नदी पुनर्जीवन की आस में अंतिम साँस गिन रही है। हर समय कल कल करके बहने वाली नदी अब शांत पड़ी है। जगह जगह गडढों में गंदा बदबूदार पानी और जंगली घास नदी की पहचान को जिन्दा रखे है।इसके जीर्णोद्वार को जिलाधिकारी ने पहल की। अब नदी किनारे पालेज उगाने वाले किसानों को भी पंपसेट से सिंचाई करनी पड़ती है। दो दशक पहले तक महावा नदी के किनारे तरबूज खरबूज ककड़ी काशीफल लोकी टमाटर की फसलों की सिंचाई किसान नदी के जल से कर पूरे वर्ष परिवार का खर्च चलाया करते थे। इसके जल में स्नान करते थे। जानवर भी अपनी प्यास इसके पानी से बुझाते थे। लेकिन अब यह नदी शांत पड़ी है। इसके दुर्दिन 90 के दशक से शुरू हुए। अंधाधुंधा दोहन से घटते भूगर्भीय जल स्तर और नदी किनारे स्थित कारखानों से छोड़े गये विषाक्त कचरे से सदानीरा को मोंत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया। मुरादाबाद जिले के कस्बा हसनपुर के पास से निकली यह नदी 150 किमी का सफ़र तय कर कछला के पास गंगा में जाकर विलुप्त हो गई। लेकिन अब मात्र नाले की अवस्था में रह गयी है। इसके गडढो में गंदा पानी ही भरा कहीं कहीं रह गया है। इस नदी का उल्लेख इतिहास में भी मिलता है। इस नदी में रानियों के साथ स्नान करते समय राजा सहस्त्रबाहु को लंकापति रावण ने ललकारा था। इस पर दोनों का मल्लयुद्ध भी हुआ था। लेकिन अब जानवरों के लिए भी इसका पानी उपेक्षित है। नदी के किनारे बसे गाँव का जल भी दूषित हो रहा है। सुमित वार्ष्णेय ने कहा कि नदी में सफाई कर पानी छोड़ा जाना चाहिए। जिससे नदी पुनर्जीवित हो सके।इसकी खुदाई से बरसात का पानी भी उसमें जमा हो सकेगा।पहले नदी पर खुदाई का कार्य चला भी था। योगेश गुप्ता ने कहा कि नदी में जल प्रवाह होने से किसानों को सिंचाई की व्यवस्था हो जाएगी। जीव भी जल पी सकेंगे। इसका अस्तित्व भी बना रहेगा। डा. राहुल यादव ने कहा कि नदी के जल से दो दशक पूर्व सिंचाई की जाती थी। इसके किनारे कालेज की जाती थी। अब ऐसा नहीं है। महावा प्रदूषित होने से जल प्रदूषित हो गया। इसके जल से पहले लोग स्नान करते थे लेकिन अब यह सूख गया। सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि नदी के कारण क्षेत्र रमणीक बन जाता हैइससे पशु-पक्षी भी अपनी प्यास बुझाते हैं लेकिन इसका जल गंदा हो गया है। नदी को कलकल दोबारा बहने के लिए जल छोड़ा जाना चाहिए।



# बारह हज़ार की घूस लेते लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन टीम) ने बारह हज़ार की रिश्वत लेते लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लेखपाल गुन्नौर तहसील में तैनात है।

गुन्नौर थाने के ग्राम मिजौरी निवासी सुरेश चन्द्र पुत्र राम सहल की भूमि की पैमाईश व वर्षवारी दर्ज की जानी थी। आरोपी लेखपाल शिकायतकर्ता से जमीन की पैमाइश और कृषि भूमि की वर्षवारी दर्ज करने के नाम पर घूस मांग रहा था। शिकायत कर्ता ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई को इसकी जानकारी दी। भृष्टाचार निवारण इकाई के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने जाल बिछाकर रिश्वत खोर लेखपाल को रंगे हाथ दबौचने का जाल बिछाया। मंगलवार को शकायत की पुष्टि होते ही एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर थाना धनारी के मुख्य गेट पर आरोपी लेखपाल को रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ लिया। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों की मौजूदगी में आरोपी के पास से 12 हजार रुपए बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद आरोपी लेखपाल को थाना धनारी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि आरोपी लेखपाल कृष्णकुमार सक्सेना वर्ष 1996 में राजस्व विभाग में नियुक्त हुआ था और लंबे समय से तहसील गुन्नौर में तैनात था। उसके खिलाफ रिश्वतखोरी की शिकायतें पहले भी उठती रही थीं,लेकिन इस बार एंटी करप्शन की टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सरकारी कामकाज में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अवैध धनराशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना एंटी करप्शन विभाग को दें।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हसनपुर रोड पर स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते सीएमओ।

### स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ऑल इण्डिया उलेमा मशाईख बोर्ड व अल अशरफ ट्रस्ट के तत्वावधान मे विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या मे रोगियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। हसनपुर रोड स्थित रिसॉर्ट मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे विभिन्न रोगों के रोगियों का परीक्षण किया और उन्हे नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। शिविर का मुख्य चिकित्साधिकारी डा. तरूण पाठक ने फीता काटकर उदघाटन किया। जबकि मुख्य अतिथि बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद मौहम्मद अशरफ किछौछवी वं अता अशरफ अशरफी रहे।इस मौके पर मौहम्मद अज़ीम मुशर्रफ हुसैन, शकील अहमद, कारी हसान, फरज़न्द अली वारसी, शाहनवाज़ हुसैन, मौ. हस्सान आदि ने सहयोग किया।

### बिना पंजीकरण अस्पताल किया सील

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बिना पंजीकरण के संचालित अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मार कार्यवाही की। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मारे गए छापे में अभिलेखों की जांच की गई। पंजीकरण समाप्त होने पर अस्पताल का संचालन होता पाये जाने पर सील किया गया।जानकारी अनुसार हिलाली सराय मे अल शिफा हॉस्पिटल पर प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ छापामार कार्यवाही की। छापे में अस्पताल के संचालन की जानकारी ली और अभिलेखों की जांच की। अस्पताल को बिना रजिस्ट्रेशन संचालित कि, जाने पर अस्पताल को सील कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन 2024 मे ही समाप्त हो चुका है जो की रिन्यूवल नहीं है। पूरा इलाका आवसीय है कॉमर्शियल ,एक्टीविटी की जा रही है। आवासीय मे न रजिडेंशियल न कॉमशियल और न इन्डस्ट्रीयल कोई ,एक्टीविटी नहीं हो सकती। इस दौरान सीओ आलोक कुमार भाटी जबकि नोडल अधिकारी मनोज चौधारी के न होने पर चिकित्सा अधिक्षक सीएचसी डॉ. मनीष अरोड़ा मौजूद रहे।

### विश्व ओजोन दिवस पर विचार गोष्ठी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विश्व ओजोन दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती को नमन करते हुए, भूगोल विभाग के प्रभारी दुष्यंत मिश्रा ने बताया कि विश्व ओजोन दिवस प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को मनाया जाता है। यह वर्ष 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने का स्मृति दिवस पर मनाया जाता है, जो एक महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संधि है। ओजोन परत समताप मंडल में स्थित ओजोन अणुओं की एक परत है, ओजोन परत का निर्माण ऑक्सीजन के तीन एटम के मिलने से होता है। यह परत 15 से 35 किलोमीटर ऊंचाई पर अति सघन है, सूर्य के प्रकाश के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है।

### सेवा पखवाड़ा पर लगेगा रक्तदान शिविर

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा सम्भल द्वारा 17 सितंबर 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, बबराला में होगा। जिसके संयोजक भायुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल व सहसंयोजक जिला मंत्री मनोज यादव होंगे। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग रक्तदान करेंगें।

### तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को रौंदा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** थाना हयातनगर क्षेत्रान्तर्गत मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हयातनगर निवासी मुकेश कुमार (40)पुत्र सूरजपाल व उनकी पत्नी सोनी (38) मंगलवार को बाइक से बहजोई किसी कार्य से जा रहे थे। सम्भल-बहजोई रोड स्थित चुंगी हयात नगर के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पति-पत्नी बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर मौके पर आसपास के लोग दौड़े और कार चालक को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसे मौके पर ही रोके रखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर चालक को अपनी हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंचे।

# स्टंटबाज बुलेट चालक ने मारी ऑटो रिक्शा में टक्कर

○हादसे में घायल शिक्षिका की हालत गम्भीर, मुरादाबाद रेफर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सम्भल आदमपुर मार्ग पर सौंधन अमावती के बीच बुलेट तथा ऑटो रिक्शा में टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो रिक्शा में सवार 3 शिक्षिकाएं व ऑटो चालक तथा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसकी मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक शिक्षिका की हालत गंभीर होने के चलते मुरादाबाद रेफर किया गया है।

सम्भल से ऑटो रिक्शा में सवार होकर प्रतिदिन कुछ शिक्षिकाएं सौंधन के रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कालेज में पढ़ाने आती हैं। रोजाना की तरह मंगलवार को आटो रिक्शा में सवार होकर आंचल ,खुशी तथा शिवाक्षी तथा दो अन्य शिक्षिकाएं कालेज आ रही थीं। आटो रिक्शा चालक छोटेलाल चला रहा था। जैसे ही वह सम्भल आदमपुर मार्ग पर सौंधन अमावती के बीच आटो रिक्शा पहुंचा तो सामने से स्टंट बाजी करते हुए आ रहे बुलेट बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर के चलते ई रिक्शा का पूरी तरह से अगला हिस्सा ध्वस्त हो गया। बाइक सवार भी टक्कर लगने के बाद नीचे गिर गया। अमरोहा जनपद के रहरा थाना अंतर्गत गांव निवासी बाइक सवार सत्यवीर व शिक्षिका आंचल, खुशी तथा शिवाक्षी और आटो रिक्शा चालक छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर राहगीर भी मौके पर एकत्रित हो गए तथा डायल 112 भी पहुंच गई। पीआरवी की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आटो रिक्शा में पांच शिक्षिकाएं सवार थीं ,जिनमें से दो के चोट नहीं आई है तथा तीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। आटो रिक्शा में सवार शिक्षिकाओं ने बताया कि आटो रिक्शा चालक धीमी रफ्तार से ही ले जा रहा था लेकिन सामने से स्टंट बाजी करते हुए बुलेट बाइक सवार जो की तेज रफ्तार से आ रहा था, उसने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत को देखते हुए शिक्षिका आंचल को मुरादाबाद रेफर किया गया है। स्कूल प्रबंधक ओमकार सिंह व प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के अन्य शिक्षक भी सूचना पर जिला अस्पताल पहुंच गए।

## व्यापार बंधु की बैठक में चर्चा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में एमएसएमई पॉलिसी 2022 के अन्तर्गत आवेदन को लेकर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# स्वच्छता ही सेवा छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

○सामूहिक रूप से स्वच्छता को लिया संकल्प

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** स्वच्छता भारत मिशन के तहत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाकर घर परिवार और समाज तक स्वच्छता को आदत में शामिल करने का संकल्प दिलाया।

नगर पंचायत सिरसी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि जीवन शैली का हिस्सा है। इसका मुख्य उददेश्य लोगो में स्वच्छता के प्रति आदत विकसित करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम दास ‍े अक्टूबर तक पूरे देश्ख में चलेगा। गांधी जयंती तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान में लोगों को सफाइ के साथ-साथ जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। कार्यक्रम में अंत में अधिकारियों ने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को भी स्वच्छता ही सेवा से सम्बंधित प्रशिक्षण किया। साथ ही आमजन से भी इस अभियान में जुड़ने औरकअपने घर व मौहल्ले एवं कार्य स्थल को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता ही सेवा को सार्थक बनाने व लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का भी संकल्प दोहराया।



सिरसी- नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी देते।

# ....मैं शुक्रे खुदा करने जाऊं मदीने में

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** मशहूर साहित्यिक संस्था बज्मे शोहरा-ऐ-मीसम की मासिक शेरी नशिस्त का आयोजन दरोगा अनवर अब्बास के मकान पर मास्टर शबीह अब्बास के सौजन्य से किया गया नशिस्त की शुरुआत हदीस ऐ किसा की तिलावत से मौलाना शमीम हैदर ने की , हुसैन सिरसिवी ने नात ऐ पाक का नजराना पेश किया। मुरादाबाद के मशहूर चेस्ट स्पेस्लिस्ट डा. मजहर आलम ने मेहमान ऐ खुसूसी की हैसियत से शिरकत की बज़्म के पसंदीदा अश्आर इस तरह रहे। शोएब असगर ने कहा:-मैं शुक्रे खुदा करने जाऊं मदीने। जो रोजे पे अपने बुलाये मोहम्मद।।मुहिब असगर ने कहा:-इशारा करते ही उठने लगे दरे खैबर। खुदा ने बख्शी वो कुव्वत अली की फिंगर में अयान सिरसिवी बोले:- तुम्हारे पाऊं में जो बेड़िया रही सज्जाद। शुमार होता है उनका जिना के जेवर मे।। अयान असगर ने फरमाया:- बिछा है फर्शे मसर्रत रसूल आते हैं। फरिश्ते बैठे हुए हैं मेरे बराबर में।। अदीब असगर ने कहा:-कहाँ वो बात जहां के किसी समंदर में। अता हुसैन की है हर तेरे मुकद्दर में।। एजाज मेहदी ने कहा:-बड़ा ही फर्क है लाखो में और बहत्तर में। ये मुत्मइन वो गिरफ्तार मौत के डर में।। जमन सिरसिवी ने फरमाया:-लगेगी आग अना के अभी समंदर में। फराते तशनालबी आ गयी है मेहवर में।। मासूम सिरसिवी ने कहा:-ना जाने कितनी जिया है अजाने अकबर में। सवेरा लिख गई जो दीन के मुकद्दर में।। मोहम्मद काजिम ने कहा:-नई मिसाल ये तारिख में रकम होगी। शिगाफ आईना डालेगा आज पत्थर मे।। शारिक अब्बास ने कहा:-गिरा के चुल्लू से ये कौन आ गया प्यासा। मचा हुआ है अजब शोर सा समंदर में।। अब्बास सिरसिवी का कहना था:-गले लगा के ये हुर को हुसैन कहते थे। तुम्हारा नाम भी लिखा हुआ थ मेहजर में।। नौशाद संभली ने कहा:-जरूर आपका है मशगला अजादारी। गमे हुसैन की रौनक है दीदा ए तर में।। शमशीर सिरसिवी ने कहा:-किसी ने पूछा तो खुद को गरीब कहता था। जो तख्तो ताज भी रखता था अपनी ठोकर में।। तासीर सिरसिवी:-कभी जबान कभी खून देना पड़ता है।अगर मगर नहीं चलता हैं इश्क ऐ हैदर में।। बबर सिरसिवी ने अकीदत का यूँ इजहार किया:-सिमट के आ गया नुक्ते में जिस तरह कुरआन। अली के आ गये जौहर तमाम असगर में।। इस्लाम सिरसिवी ने कहा:-है कितनी आग ये देखेंगे सुबहे खंजर में। ये बात होती रही रात भर बहत्तर में।। नशिस्त के मेजबान मास्टर शबीह अब्बास ने कहा:-बस एक बूंद में ही जुल्म डूब जायेगा। हैं इतनी वुसअते अश्क ए अजाए सरवर में।। अहसान सिरसिवी ने कहा:-नहीं हैं बाखुदा पैवन्दे फातिमा जेहरा। ये इसमतों के सितारे हैं तेरी चादर में।। संभल से तशरीफ लाये मेहमान शायर हकीम बुरहान संभली ने फरमाया:-अली हैं फातिमा जेहरा हैं उनके बेटे हैं। अजीम लोग हैं सब मुस्तफा की चादर में बज्म के नाजिम नज्मी सिरसिवी ने फरमाया:-सिवाए आले मोहम्मद ना हो किसी की सना। ये गैरतें भी जरूरी हैं एक सुखनवर में।। शुजात सिरसिवी ने कहा:-वो भूख प्यास वो दरिया वो शाम का मंजर। ना जाने कितने नजारे हैं एक मंजर में।। मौलाना हशम सिरसिवी कहा:-बहुत तलाश किया बादे हजरते अब्बास का। ना मिल सकी ऐसी किसी बिरादर में।। जहीर अनवर ने कहा:-बड़ा ही फख्र है उस घर की नौकरी पे मुझे। बगैर ईज्न फरिश्ता ना आया जिस घर में।। बज्म के सदर सामिन सिरसिवी ने फरमाया:-वो रौशनी जो कभी खेमाये हुसैन में थी।मिलेगी मस्जिदों मेहराब और मिम्बर में।। शबीह हैदर सिरसिवी ने कहा :-मजा मिला ना किसी भी वो लुकमा ऐ तर में। जो जायका है तबर्रुक में और लंगर में।।देर रात तक चली नशिस्त में समीर सिरसिवी, मुस्तफा वारसी ,जुल्फिकार हुसैन ,नूर सिरसिवी ,वकार मेहदी , मास्टर नदीम और रजी सिरसिवी ने अपने कलाम पेश किये नशिस्त में मुख्य रूप से नय्यर अब्बास , डा. जौहर अब्बास ,अदीब असगर,शम्स मेहदी ,कुमैल अब्बास अयान असगर ,मौहम्मद हारुन मौजूद रहे , आखिर में दरोगा अनवर अब्बास ने सबका शुक्रिया अदा किया

## प्रदर्शनी स्थल का भाजपा नेताओं ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किये जाने वाले सेवा पर्व को लेकर बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट बहजोई जनपद सम्भल में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं जिला उपाध्य भारतीय जनता पार्टी विपिन गुप्ता व जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी जयप्रकाश गुप्ता द्वारा प्रदर्शनी की तैयारियों का निरीक्षण किया। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। ताकि अधिक से अधिक जनसामान्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# लाइनपार इलाके में करंट की चपेट में आए तीन बिजली कर्मचारी, अस्पताल में कराया भर्ती





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में मझोला थाना क्षेत्र मंडी समिति के पीछे एकता कॉलोनी में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब हाइटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से तीन बिजली कर्मचारी झुलस गए, हादसा उस वक्त हुआ जब विद्युत तारों को बचाने के लिए पेड़ों की छटाई का कार्य चल रहा था। आनन फानन में तीनों कर्मचारियों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तीन बिजली कर्मचारियों के करंट से झूलने की इस घटना से अन्य बिजली कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा, मामले की जानक. ारी लगते ही विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए और करंट की चपेट में आये कर्मचारियों का हाल-चाल जाना,वहीं इस घटना से बिजली कर्मचारियों के परिवार में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि महानगर के मझोला थाना क्षेत्र लाइन पार एकता कॉलोनी मंडी समिति के पीछे विद्युत विभाग के द्वारा बिजली के तारो को बचाने के लिये पेड़ों की छटाई का कार्य कराया जा रहा था,ताकि सुचारु रूप से निर्बाध बिजली उपभोक्ताओं तक पहुँचती रहे। बिजली विभाग के जेई तेज प्रकाश के द्वारा लाइन मैन विक्रम सिंह, लाइन मैन होम सिंह व सुरेंद्र को कार्य पर लगाया गया था। कार्य प्रगति पर था की अचानक अनहोनी घट गई,तीनो कर्मचारी ऊपर से जा रही 33 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए और झुलस गए,घटना के बाद मौके पर भी भीड़ एकत्रित हो गई,आनन फानन में घायल तीनों बिजली कर्मचारियों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके परिजनों को घटना की जानक. ारी दीं गई।घटना की जानकारी लगते ही बिजली कर्मचारियों के परिवार में हड़कंप मच गया और परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। वहीं मामले की जानकारी लगते ही विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए और करंट की चपेट में आने वाले बिजली कर्मचारियों का हाल-चाल जाना।

# स्कूल से पढ़कर घर जा रहे साइकिल सवार छात्र को बस ने मारी टक्कर, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्कूल से पढ़कर साइकिल द्वारा घर जा रहे छात्र को बस ने टक्कर मार दी जिससे वह बस के नीचे आ गया इस हादसे में उसकी जान तो बच गई लेकिन चोटे काफी आई है थाना क्षेत्र के महमूदपुर भगवानदास निवासी सोनू का पुत्र मनजीत केसर जहां स्कूल का छात्र है आज दोपहर को वह साइकिल द्वारा अपने घर वापस जा रहा था जैसे ही मुख्तियारपुर नवादा के पास गन्ना सेंटर के समीप पहुंचा पीछे से आ रही बस ने उसे साइड मार दी। बस की साइड लगते ही छात्र की साइकिल बस के पहिए के नीचे आ गई और छात्र भी लुढ़ककर बस के नीचे पहुंच गया लोगों ने शोर मचाया तो चालक ने ब्रेक लगा दिए जिससे बस का पहिया बच्चे के ऊपर उतरने से बच गया लेकिन सड़क पर गिरने से उसे काफी चोट आई। लोगों ने बस चालक की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की तो उसी के साथियों ने अन्य छात्रों द्वारा उसकी साइकिल गिराने का आरोप लगा दिया लेकिन प्रत्यक्ष दर्शिओ के कहने पर बस चालक को खामोश होना पड़ा मगर जब तक पुलिस पहुंचती बस मालिकों ने बस को धक्का लगवा कर वहां से रवाना कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची इससे पहले ही लोगों ने घायल बच्चे को निकट के चिकित्सक के यहां भर्ती कर दिया समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई थी।

## एक नजर

# न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता गुमथल में सम्पन्न, बच्चों ने दिखाया उत्साह



**चन्दौसी।** मंगलवार को न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिसमें न्याय पंचायत कैथल, सरथल, गुमथल, मौलागढ़ की मिनी स्टेडियम गुमथल में सम्पन्न हुई। क्रीडा प्रतियोगिता का प्रारम्भ ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने फीता काटकर किया। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय मौलागढ़ द्वितीय ने खो-खो व कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ में उर्वशी (मौलागढ़ द्वितीय), 100 मी० दौड़ में सिदरा (मौहम्मद पुरकाशी) 200 व 400 मी० दौड़ में महरीन (मौ० पुरकाशी), ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 'सराय सिकन्दर ने कबड्डी व मौलागढ द्वितीय ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 50 मी० दौड़ में व 400 मी० दौड़ में सुमित (गुमथल) ने, 100 मीटर दौड़ में आजाद (सरायसिकन्दर) व 200 मी० दौड़ में अजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर 'बालिका वर्ग' में फरीदपुर कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी० व 600 मी० दौड़ में सुशीला (जयरोई हयातनगर), 200 मी० दौड़ में वशू (फरीदपुर खास), 400 मी० दौड़ में बबिता (मौ० पुरकाशी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कबड्डी में जयरोई हयातनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी० दौड़ रोहित (जयरोई हयातनगर), 200 मी० व 600 मी० में अतुल, 400 मी दौड़ में नीरज (जयरोई हयातनगर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अनिल कपूर (जिला व्यायाम शिक्षक), डॉ. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, भूदेव शंखधार, अनुज कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, अमित शर्मा, श्रद्धा शर्मा, जसवन्त, प्रवीण कुमार, शिशुपाल सिंह, हज्जू सिंह, प्रेमपाल, वीरपाल आदि ने सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता उपरांत सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

# नगर पालिका चन्दौसी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**चन्दौसी।** शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मंगलवार को नगरपालिका परिषद चन्दौसी के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम के नेतृत्व में आयोजित 'स्वच्छोत्सव: स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों, नागरिकों व पालिका अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शपथ में प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने, संसाधनों की बर्बादी रोकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पेपर/जूट/कपड़े के बैग अपनाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, ऊर्जा व पानी का संरक्षण करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही नगर को स्वच्छ बनाने में नगरपालिका का सहयोग देने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में चन्दौसी पब्लिक स्कूल, अक्रूरजी बालि. का विद्यालय, श्यामसुंदर इंटर कॉलेज, एफ.आर. इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज सहित नगर के प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूलों ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अध्यापकगण उपस्थित रहे। नगरपालिका की ओर से प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, ऋषभ, लवित आदि मौजदू रहे।

# पागल कुत्ते ने कई लोगों को काटा, नगर पंचायत कर्मी कर रहे पकड़ने का प्रयास



नगर पंचायत कर्मियों की पकड़ में नहीं आया था लेकिन पागल हुए कुत्ते को लेकर मोहल्ले के लोगों में डर का माहौल बना हुआ था।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पागल हो चुके कुत्ते ने आज महिला और बच्चों सहित कई लोगों को काट लिया लोगों ने पीछा किया तो कुत्ता कूद कर नाले में छिप गया लेकिन मौका मिलते ही फिर लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया शिकायत मिलने पर नगर पंचायत कर्मियों ने कुत्ते को पकड़ने के प्रयास शुरू किए हैं। बताया गया कि अचानक एक कुत्ते ने पुरानी गुड़ मंडी मे काटना शुरू किया तो एक बच्चा उसकी चपेट में आ गया लोगों ने बच्चे को बचाया तो एक युवक पर उसने हमला कर दिया इसके बाद उसने महिला बच्चे और अन्य लोग जो भी मिले उन पर हमला करना शुरू कर दिया लोगों ने कुत्ते को पड़कर दौडाया तो वह स्लेव के हॉल में घुसकर नाले में छिप गया लेकिन कुछ देर बाद मौका देखकर वह निकला और फिर लोगों पर टूट पड़ा लोगों ने उसका पीछा किया तो वह उनकी पकड़ में नहीं आया इसकी शिकायत नगर पंचायत में की गई नगर पंचायत की टीम कुत्ता पकड़ने के लिए निकल पड़ी। समाचार लिखे जाने तक कुत्ता

# मण्डलायुक्त ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुध बाजार स्थित हिन्दू महाविद्यालय में एक दिवसीय उद्यमिता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल आञ्जनेय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपने कौशल के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकता है और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे केवल नौकरी तलाशने की बजाय रोजगार देने वाले बनें। संगोष्ठी के दौरान छात्रों को




स्वरोजगार, स्टार्टअप, उद्योग स्थापना, और सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुद्रा योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया और उन्हें व्यावहारिक सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए और भविष्य में उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की रुचि दिखाई। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना, उन्हें स्वरोजगार की दिशा में मार्गदर्शन देना और सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा, जिसमें यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। हिन्दू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. रावत ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने जिला प्रशासन, मंडलायुक्त कार्यालय तथा जिला उद्योग केंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार और एक्सपर्ट मोहित आदि मौजूद रहे।

# अमृत भारत ट्रेन को लेकर व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक का किया स्वागत

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चन्दौसी रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजू का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। यह स्वागत अमृतसर के लिए चन्दौसी से होकर गुजरने वाली अमृत भारत ट्रेन को लेकर किया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि संगठन पिछले कई वर्षों से अमृतसर के लिए नई ट्रेन की मांग करता आ रहा है। इस ट्रेन के शुरू होने से सीधे तौर पर व्यापारियों को लाभ मिलेगा, साथ ही आम जनमानस को भी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन केवल मंगलवार को साप्ताहिक चल रही है, लेकिन व्यापार मंडल इसकी आवृत्ति बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन किए जाने की मांग करेगा। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही संगठन कोविड काल से बंद पड़ी आगरा कैंट जाने वाली ट्रेन को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर आंदोलन करेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष के साथ रितिक वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, मनोज गुप्ता, नवल सैनी शाह आलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सहकारिता एवं इफ्को की गोष्ठी में किसानों को दी रासायनिक खाद से दूर रहने की सलाह, कहा: नैनो यूरिया का करें इस्तेमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सहकारिता विभाग मुरादाबाद एवं इफको द्वारा नैनो जागरूकता अभियान अंतर्गत जिला सहकारी बैंक छजलैट में किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अमरेंद्र कुमार, इफको उप क्षेत्र प्रबंधक यशवीर सिंह , ए०डी०ओ विश्वपाल सिंह, अमरेंद्र कुमार द्वारा बी पैक्स द्वारा चलाए जा रहे सदस्य अभियान के बारे में पूर्णता जानकारी दी और किसानो से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। बताया कि समिति के सद्स्य को आने वाले समय में समिति से उर्वरक एवं ऋण प्राथमिकता से दिया जायेगा। इफको उप क्षेत्र प्रबंधक यशवीर सिंह ने किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के फायदे बताते हुए कहा कि अधिक रासायनिक उर्वरक फसल व मिट्टी दोनों को नुकसान पहुँचाते हैं। उन्होंने धान की फसल में किसानों को प्रति टंकी 75 मिली नैनो यूरिया व 15 मिली नैनो जिंक का प्रयोग करने की सलाह दी। बताया कि प्रति एकड़ केवल 2 बोरी यूरिया पर्याप्त है, जबकि किसान 4-6 बोरी डालकर मृदा की उर्वरता घटा रहे हैं। किसान को नैनो डीएपी के फसल उत्पादन में महत्व पर जानकारी देते हुये अवगत कराया कि सरसों एवं गेहूं की फसल की बुआई के पूर्व बीज को 5 मिली प्रति किलो ग्राम बीज के हिसाब की दर से बीज शोधन करने एवं लगभग 1 माह की फसल पर 5 मिली0 प्रतिली0 पानी में घोलकर स्प्रे करने से 1 बैग डीएपी की खपत को कम किया जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों तथा यूरिया एवं डीएपी की खपत को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है कार्यक्रम में इफको एमडीई सुरेश ने जैव उर्वरक, सागरिका तथा जल-विलय उर्वरकों के उपयोग से होने वाले लाभ बताए। किसानों को इफको द्वारा दिए जाने वाले संकट हरण बीमा (10,000 प्रति बोतल) के बारे में भी जानकारी दी गई, ए०डी०सी ०ओ विश्वपाल सिंह ने किसानों से संतुलित रासायनिक उर्वरकों के साथ नैनो उत्पादों के प्रयोग का आह्वान किया कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष महिपाल सिंह ने किसानों धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसान सभा में भाजपा नेता हुकम सिंह, बी पैक्स सरदपुर मतलबपुर समिति के अध्यक्ष महिपाल सिंह,इफको डेलीगेट राजीव कुमार, एम डी सुरेश मौर्या, छजलैट ब्लॉक के समिति सचिव अरविंद कुमार सिंह, कमल सिंह, इमरान अली, नरेश शर्मा, विशाल कुमार, श्रीमती ज्योति, भूपेंद्र कुमार, सौरव सहित 35 किसानो ने भाग लिया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आज से 2 अक्टूबर तक चलेगा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ आज से किया जाएगा जो की 2 अक्टूबर तक चलेगा उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। बताया गया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य परिवार, सशक्तिकरण समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है जिसके क्रम में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 गांधी जयंती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जाना है यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा इंदौर मध्य प्रदेश से किया जाएगा इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी जिसमें विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल है।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों एवं महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टीवी की जांच की जाएगी।

# नशे की हालत में गाड़ी चलाते मिले तो जुर्माने के साथ गाड़ी भी होगी सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कांठ।** प्रदेश में अब नशे में गाड़ी चलाते मिलने पर वाहन सीज कर दिया जाएगा। साथ ही एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। यहीं नहीं एक बार वाहन सीज होने पर ड्राइविंग लाइसेंस भी तीन महीने निलम्बित कर दिया जाएगा। एमवी एक्ट के इस नियम को भी सख्ती से लागू करने को कहा गया है, जिसमें तीन महीने में दोबारा वाहन सीज होने पर लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है।ओवर स्पीडिंग (तेज रफ्तार) पर भी सख्ती के लिए विभाग के 142 इंटरसेप्टर की मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग के छह सितम्बर के समारोह में ओवर स्पीडिंग व नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की बात कही थी। 142 इंटरसेप्टरों को राष्ट्रीय और प्रदेश राजमार्गों के साथ अन्य मार्गो पर चेकिंग में लगाने की तैयारी कर ली गई है।

विभाग ने प्रदेश के सभी 75 जिलों से 350 संवेदनशील मार्ग चुने हैं। सूत्रों के मुताबिक, एक्सप्रेस वे पर हादसे कम जबकि राष्ट्रीय व प्रदेश हाइवे पर ज्यादा हो रहे हैं।

# मोदी के जन्मदिन पर साल भर तक महिलाओं को सेहत की मुस्कान देगा टीएमयू

**खास बातें**

- टीएमयू हॉस्पिटल में हर माह 300 महिलाओं की होगी निःशुल्क डिलीवरी
- नॉर्मल के साथ ही सिजेरियन डिलीवरी भी पूरी तरह रहेगी निशुल्क
- निशुल्क प्रसव में दवाइयां और सभी प्रकार की जाचें भी शामिल
- डिलीवरी के बाद पोषण के लिए हर महिला को मिलेंगे 4,000 रुपए
- शिशु की सेहत को लेकर तीन साल तक टीएमयू में होगा फ्री इलाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर तीर्थंकर महा वीर विश्वविद्यालय का अनूठा सामा. जिक सरोकार मोदी के जन्मदिन से लेकर उनके अगले जन्मदिन तक हर महीने साल भर तक महिलाओं को सेहत की सौगात देकर मुस्कान भरेगा। टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव- 17 सितंबर 2025 से आगामी वर्ष के जन्मदिन यानि 17 सितंबर 2026 तक हर माह 300 महिलाओं की निःशुल्क डिलीवरी करने की अनूठी पहल की है। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन ने बताया कि डिलीवरी के बाद पोषण के लिए हर महिला को 4,000 रुपए दिए जाएंगे। शिशु की सेहत को लेकर तीन साल तक टीएमयू हॉस्पिटल में फ्री इलाज होगा। कुलाधिपति ने आगे बताया कि नॉर्मल डिलीवरी हो या सिजेरियन, सभी डिलीवरी फ्री होंगी। दवाइयां और सभी प्रकार की जाचें भी इस नारी कल्याणकारी योजना में शामिल हैं। **टीएमयू हॉस्पिटल 124 टीबी रोगियों को लेगा गोद**- टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर 124 टीबी रोगियों को भी गोद लेगा। इस नेक काम के लिए टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के संग-संग निदेशक प्रशासन अभिषेक कपूर ने भी टीबी रोगियों को हर माह पोषण पोटली देने के लिए हाथ बढ़ाए हैं। टीएमयू हॉस्पिटल के 106 डॉक्टर्स भी स्वेच्छा से प्रति टीबी रोगियों को पोषण पोटली देंगे। ये पोषण पोटली मरीज के इलाज के कोर्स की समाप्ति तक दी जाएंगी। टीएमयू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने बताया, पोटली में प्रोटीनयुक्त आहार जैसे- सोयाबीन, मूंगफली, गुड़, भूना चना, दलिया/सत्तू, बादाम आदि होंगे। प्रोटीनयुक्त ये आहार टीबी रोगियों के लिए तेजी से रिकवरी करने में मदद करते हैं। 124 टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण 17 सितंबर को टीएमयू आईटी कॉम्प्लेक्स के न्यू एलटी में प्रातः साढ़े दस बजे से होगा। इस पोषण पोटली समारोह के दौरान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली राष्ट्र को संबोधित भी करेंगे। **महिलाओं के लिए 2 अक्टूबर तक लगेंगे हैल्थ कैंप**- नेशनल मेडिकल काउंसिल और मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के दिशा-निर्देशों के अनुसार 17 सितंबर से स्वास्थ्य अभियान- स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू हो रहा है, जिसका समापन गांधी जयंती पर होगा। यह अभियान पोषण माह के साथ मिलकर चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पूरे देश में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में महिलाओं को विशेषज्ञ सेवाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ये शिविर टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से अपने हॉस्पिटल समेत आसपास के क्षेत्रों में भी आयोजित किए जाएंगे। इन शिवि. रों में ब्लड प्रेशर से लेकर डायबिटीज, ओरल एंड ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय और गले के कैंसर, एनिमिया आदि की जाचें होंगी। न्यूट्रीशन काउंसलिंग होगी। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति भी जागरुक किया जाएगा। इनके अलावा टीएमयू हॉस्पिटल में 25 सितंबर को टीकाकरण अभियान चलेगा, जबकि पैथोलॉजी विभाग की ओर से 1 अक्टूबर को रक्तदान शि. विर लगेगा।


# कार्यालय ग्राम पंचायत बगिया सागर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 16.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बगिया सागर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 23.09.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 23.09.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रियाजुद्दीन की पुलिया से मैन रोड तक मिट्टी भराव नाली निर्माण एवं सीसी टाईल्स रोड कार्य। | 80X4 | 314157/- | 2% | 200/- | 3 माह |
| 2 | अनजाना के घर से ग्यासू के घर तक मिट्टी भराव निर्माण व सीसी टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 80X4 | 406939/- | 2% | 200/- | 3 माह |
| 3 | इम्तयाज के घर से रियासत के घर तक मिट्टी भराव नाली निर्माण एवं सीसी टाईल्स रोड कार्य। | 80X5 | 329503/- | 2% | 200/- | 3 माह |

**शर्तें**-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बगिया सागर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुराना नाम नूर हसन (NOOR HASAN) था। अब मैंने अपना नाम नूर हसन चौधरी (NOOR HASAN CHAUDHARY) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। नूर हसन चौधरी (NOOR HASAN CHAUDHARY) पुत्र श्री इल्यास अहमद (ILYAS AHMAD), निवासी- म० न०-28, ग्राम- मानपुर साबित, डाकखाना व थाना- डिलारी, तहसील, ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैने अपने पुत्र नाफिम खान, पुत्रवधू श्रीमती इशरत जहां, पुत्र अनस व समीर पुत्रगण यामीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरी पुत्रियों सलमा, नाजमा, अलीना व पुत्र आलिम से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती आमना पत्नी फिरासत हुसैन निवासी नजीर की बस्ती थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र अंश शर्मा पुत्र स्वर्गीय धनेंद्र शर्मा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अंश शर्मा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती रेनू शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री धनेंद्र शर्मा निवासी मकान नंबर 517 काशीराम योजना थाना मझोला, तहसील बिलारी व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र राहुल कुमार तथा उसकी पत्नी श्रीमती सोनिया को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **नवल किशोर पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी अम्बेडकर नगर लाकड़ी फाजलपुर थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**

# ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ट्रेडिंग के नाम पर लोगों के साथ करोड़ों रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने प्रेस वार्ता कर साइबर ठगी की घटना का खुलासा किया है। बता दे कि महानगर के गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित के द्वारा साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, साइबर धोखाधड़ी कर उनके साथ एक करोड़ 64 लाख 96 हजार 474 की साइबर ठगी की गई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी और साइबर ठगी की इस घटना को अंजाम देने वाले गैंग के दो सदस्य मझोला थाना क्षेत्र के मियां कॉलोनी के रहने वाले नाजिम अली और उधम सिंह नगर जसपुर के रहने वाले खिलाफत को मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके उनके कब्जे से 5 हजार 350 रुपये की नगदी और घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात जसपुर में रहने वाले नफीस और उसके पुत्र वली से हुई, जिन्होंने कम समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच दिया। हम लोगों के अलग-अलग खाते खुलवाए गए और इन खातों में रूपों का लेनदेन किया जाता है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## 76वां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 सितम्बर को

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद की एक आवश्यक बैठक समाज में हुई जिसमे डा एस एन गुप्त एण्ड सन् योजनान्तर्गत निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 28सितम्बर को करने का निर्णय लिया गया । बैठक में मंत्री रमेश आर्य ने बताया कि अब तक ४जोडो ने अपने आवश्यक प्रपत्र जमाकर पंजीकरण करायें है। बैठक में प्रधान डा अभय श्रोत्रिय मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, पुरोहित वीरेंद्र आर्य,डा अंजली आदि उपस्थित रहे।

## ओजोन दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** प्राथमिक विद्यालय गुलाड़िया में विश्व ओजोन दिवस पर छात्रों के मध्य जागरूकता फैलाने के लिए शिक्षिका अर्चना चौधरी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।विश्व ओजोन दिवस पर आधारित चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों में से पांच अच्छी ड्राइंग के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु अध्यापिका अर्चना चौधरी ने पांच विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

# गूंजा स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ का नारा

**ठाकुरद्वारा।** स्थानीय व्यापारियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनता व्यापार प्रकोष्ठ के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला सह संयोजक विशुल अग्रवाल ने किया। इस अभियान की शुरुआत स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ के नारे के साथ की गई, जिसमें व्यापारियों ने न सिर्फ स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार की शपथ ली, बल्कि अपने प्रतिष्ठानों में विदेशी उत्पादों के स्थान पर स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देने का भी संकल्प लिया। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक ठोस कदम है। यदि हर व्यापारी और उपभोक्ता स्वदेशी को अपनाने का मन बनाए, तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है और स्थानीय कारीगरों व उत्पादकों को नया जीवन मिलेगा। इस अवसर पर राजकुमार, उपदेश कुमार, ब्रह्मपाल लिंबू, नितिन भगवाल समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अभियान के समर्थन में अपने विचार रखे और स्वदेशी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। बैठक के अंत में यह भी तय किया गया कि आने वाले समय में ठाकुरद्वारा और आसपास के क्षेत्रों में जनजागरूकता रैलियों, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जाएगा। विशुल अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल व्यापारिक निर्णय नहीं, यह एक राष्ट्रभक्ति का कर्तव्य है। जब हम अपने देश के उत्पादों को अपनाएंगे, तभी हमारे उद्योग और रोजगार सशक्त होंगे। कार्यक्रम में एकजुटता और संकल्प की भावना साफ दिखाई दी, जिससे यह स्पष्ट है कि स्थानीय स्तर पर भी देशहित में सकारात्मक बदलाव संभव हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय योगी सेना ने धार्मिक स्थलों में की साफ-सफाई



**मुरादाबाद।** राष्ट्र संत अवैद्यनाथ महाराज जी का 11वां पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा धार्मिक स्थलों की साफ सफाई व सेवा की गई। जिसमें श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर पर सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने सेवा की एवं शिव मंदिर दौलत बाग गली न 3 में मंदिर की सफाई व सेवा की गई। यह मंदिर 100 साल पुराना है अब तक इसकी देखभाल महेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट कर रहे है यह मंदिर मुस्लिम आबादी के बीच में है इसके चारों तरफ मुसलमान परिवार रहते है सभी राष्ट्रीय योगी सेना के पदाधिकारियों ने यह प्रण लिया है इस मंदिर की देखभाल और सेवा हम सब मिलकर करेंगे और मंदिर का उद्धार भी कराया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत पंकज बाबू पीठाधीश्वर श्री बाला. जी दरबार मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय योगी सेना, महानगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष समीर शर्मा, महानगर कोषाध्यक्ष आकाश रस्तोगी,महानगर महामंत्री अनुराग भारद्वाज, सौरव शर्मा, अमित शर्मा, अमित अग्रवाल, अतुल गुप्ता,अभिनव सिंघल, कोमल शर्मा, शरद शर्मा, शेखर सिंह,शरद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मदरसा गुलशन ए गोसिया में हर साल की तरह इस साल हर्षोउल्लास के साथ किया गया जलसे का आयोजन



**भगतपुर।** भगतपुर में स्थित मदरसा गुलशन ए गौसिया में हर साल की तरह इस साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के बाद सोमवार की बीती रात हर्षोउल्लास के साथ जलसे का आयोजन किया दूर दराज से आये उलेमाओं ने जलसे में शिरकत कर हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलने की बात कही वही जलसे में पहुंचे भाजपा समर्थक मंच रास्ट्रीय अध्यक्ष कार्यवाहक अल्पसंख्यक मोर्चा के नवाबजान मसूदी ने सभी उलेमाओं के फूल मालाये डालकर उनका जोरदार इस्तकवाल किया मुफ्ती मुकीम उररहमान ने कहा कि नबी ए करीम की सीरत हमें सिखाती है मुफ्ती उररहमान ने सलातो सलाम पढ़कर मुल्क की तरक्की खुशहाली अमन चौन ओर साथ ही पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए एक साथ हजारों हाथ उठाकर दुआएं मांगी स जलसे में मौलाना मुफ्ती मुकीम उररहमान, मौलाना फुरकान अली, मौलाना फरीद,कारी मुजम्मिल हुसैन, मौलाना अब्दुल कादिर, कारी रियासतअली एवं कमेटी सदस्य अहमद जान, अख्तर ठेकेदार,शकील अहमद, अमीर अहमद मुल्लाजी, वहीद लंबरदार, अब्दुल सलाम, रहीस हुसैन, नासिर हुसैन, शाहिद हुसैन, अतीक अहमद एंव भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सपा विधायक ने आश्वासन समिति की बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की उठाई मांग



**बिलारी।** मंगलवार को लखनऊ विधानसभा सचिवालय में सरकारी आश्वा. सन संबंधी समिति की बैठक में पहुंचे सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने प्रधान प्रबंधक परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ को बताया कि मुरादाबाद से बिलारी और बिलारी से मुरादाबाद जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री प्राइवेट वाहनों में बैठकर यात्रा करते है। उक्त मार्ग मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर स्थित है, सिटी बसों के संचालन होने से यात्री कम समय में अपने गंतव्य पर वातानुकूलित सुविधा के लाभ के साथ पहुंच सकेंगे । कहा कि जनपद मुरादाबाद में संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन स्टॉपेज मेरी विधानसभा क्षेत्र बिलारी के अंतर्गत तहसील मुख्यालय बिलारी तक करने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित कराया जाए।

## सूफी संत सैयद हबीब शाह मियां का चार रोजा उर्स अकीदत एहतमाम के साथ 2 अक्टूबर को होगा शुरू: मोहम्मद यूनुस



**कुंदरकी।** दलपतपुर सूफी संत सैयद हबीब शाह रहमातुल्लाह अलैह का 33 वा उर्स अकीदत एहतमाम के साथ 2 अक्टूबर को ग्राम खानपुर चमरुआ में शुरू होगा। हजरत शाह सैयद हबीब अहमद मियां का हर साल की तरह इस साल भी उर्स अकीदत एहतमाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमे 2 अक्टूबर गुरुवार को बाद नमाजे मगरिब कुल शरीफ व नमाज इशा मिलाद मुबारक व तकरीर दूसरे दिन जुम्मे को बाद नमाजे फजर कुरआन ख्वानी 6 बजे सुबह विसाली बड़ा कुल शरीफ बाद नमाजे ईशा कव्वाली का आयोजन होगा तथा शनिवार को तीसरे दिन बाद नमाजे फजर कुरान ख्वानी कुल शरीफ बाद नमाज ए ईशा कव्वाली कुल शरीफ होकर उर्स संपन्न हो जाएगा। बताते चलें सैयद हबीब शाह मियां बड़े पाय दार बुजुर्ग थे उनके अन्य प्रदेशों में मुरीद है वाह उन से निस्बत रखने वाले है। उनकी दरगाह पर दूर-दराज से अकीदत मंद आते हैं और रूहानी फेज हासिल करते हैं वही दरगाह के देखरेख करते थे।ये जानकारी खादिम मो0 यूनुस नम्बरदार ने दी। उन्होंने उर्स में सभी लोगो से शामिल होने की अपील की है।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के सफल संचालन को जनपद/ब्लॉक स्तरीय शिविरों का होगा आयोजन

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत दिनांक 17 सितम्बर 2025 को जिला अस्पताल मुरादाबाद व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूढापाण्डे में, दिनांक 18 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्दरकी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी में, दिनांक 19 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिलारी में, दिनांक 20 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांठ में, दिनांक 22 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोजपुर में, दिनांक 23 सितम्बर 2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ताजपुर में, दिनांक 24 सितम्बर 2025 को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरद्वारा में, दिनांक 25 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शरीफनगर में तथा दिनांक 26 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर कला में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में जनरल सर्जरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ और मनोरोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे साथ ही होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक सेवाएं दी जाएंगी।

शिविर में आने वाले लाभार्थियों का पंजीकरण ऐप के माध्यम से किया जायेगा, पंजीकरण हेतु लाभार्थियों के पास आधार कार्ड, आभा कार्ड एवं पीएमजेएवाई कार्ड लेकर आने से पंजीकरण स्केन करके आसानी से किया जा सकता है। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय एवं अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## करनपुर चौराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, प्रशासनिक टीमों ने किया मौका मुआयना



**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक डिलारी के गांव करनपुर चौराहे पर अतिक्रमण की शिकायतों के बाद मंगलवार को प्रशासनिक टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए करनपुर चौराहे का निरीक्षण किया। दुकानदारों द्वारा एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) और राजस्व विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। निरीक्षण के दौरान चौराहे पर स्थित दुकानदारों ने अतिक्रमण की शिकायत करते हुए एसडीम को प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके परिपालन में आज टीमों ने मौके पर जाकर नाप-जोख की और स्थिति का अवलोकन किया। टीम में पीडब्ल्यूडी विभाग के कुलवंत सिंह के नेतृत्व में कई कर्मचारी मौजूद रहे, जबकि राजस्व विभाग से लेखपाल शशांक कुमार और मनोज कुमार ने भी कार्रवाई में सहयोग दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस पर जीवात्मा और प्रभु मिलन का संदेश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के छठे दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कथा व्यास आचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत महापुराण के अमृतमय प्रसंगों का रसपान कराया।आचार्य कोठारी ने कहा कि जब जीवात्मा की प्रभु से मिलने की प्रबल इच्छा होती है, तभी भगवान स्वयं प्रकट होकर अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। उन्होंने देवकी-वासुदेव प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रभु हमेशा अपने भक्तों की पुकार को सुनते हैं और उनके जीवन को धर्ममार्ग पर अग्रसर करने का संकल्प लेते हैं।आचार्यश्री ने कहा कि कथा सुनने का महत्व तभी है जब मन, वचन और कर्म को एकाग्र करके पूरी निष्ठा से कथा का श्रवण किया जाए,उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि जैसे तेल की धारा टूटे बिना निरंतर बहती रहती है, वैसे ही मनुष्य का ध्यान भी प्रभु भक्ति में अखंड रूप से स्थिर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान ने मनुष्य को जिह्वा दी है तो उसका सर्वोत्तम उपयोग कीर्तन और भजन में करना चाहिए। कथा व्यास ने कृष्ण-गोपी संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया और बताया कि भागवत दो प्रकार की होती हैख्रप्रवृत्ति और निवृत्ति। प्रवृत्ति कथा मनुष्य को धर्म के पालन और सामाजिक कर्तव्यों की ओर प्रेरित करती है, जबकि निवृत्ति कथा मनुष्य को सांसारिक मोह से मुक्त कर ईश्वर से जोड़ती है। उन्होंने भक्तों को अहंकार त्यागने का संदेश देते हुए कहा कि अभिमान ही मनुष्य की सबसे बड़ी बाधा है। भागवत कथा का सार यही है कि मनुष्य को विनम्रता, भक्ति और सेवा भाव को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर भावनाओं से ओतप्रोत भजनों और सुंदर संस्कृत श्लोकों का भी वाचन किया गया, जिससे वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा।कथा के आयोजन में नगर विधायक रितेश गुप्ता और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता विशेष सहयोग रहा। छठे दिन की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गुप्ता परिवार के शैल गुप्ता, अनिरुद्ध अग्रवाल, इसके अलावा धीरशांत दास, व्योम त्रपाठी , डॉ. सी. पी. सिंह, डॉ. सुषमा राठी, प्रतीक आहूजा, डॉ इंदु चक्रब्रत्ती,डॉ. राकेश सिंह, अजय नारंग, बीजेपी जिला अध्यक्ष आकाश पाल,भाजपा महानगर अध्यक्ष, विपिन गुप्ता,सुनील अग्रवाल ,अनिल अग्रवाल ,अजय गोयल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# प्राइवेट हॉस्पिटल पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा

## अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने संयुक्त टीम के साथ की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** फर्जी तरीके से चल रहे प्राइवेट अस्पतालों में आईपीएस अनुकीर्त शर्मा ने दर्जनों अस्पतालों में मारा छापा, अस्पताल बंद करके भागे डॉक्टर, बिना डॉक्टर के फर्जी तरीके से चला रहे थे लोग अस्पताल, दर्जनों प्राइवेट डॉक्टर के कर्मचारी पुलिस ने किए गिरफ्तारी, सरकारी डॉक्टर के यहां भी तैनात हैं प्राइवेट कर्मचारी जो प्राइवेट अस्पतालों से करते हैं वसूली उनको भी पुलिस ने किया गिरफ्तार, तीन दिन से लगातार कर रही है आईपीएस अनुकृति शर्मा उनसे पूछताछ, उन लोगों की निशान देही पर पुलिस ने दर्जन अस्पतालों में मारे छापे, जिम्मेदार सरकारी डॉक्टर कुछ भी कहने से बचे, अगर प्राइवेट अस्पतालों का आंकड़ा निकल जाए तो हर महा लगभग एक दर्जन से अधिक महिलाओं की होती है प्रसव के दौरान मौत, सरकारी अस्पतालों से प्रसूता महिलाओं को प्राइवेट अस्पतालों में किया जाता है।

रेफर, सरकारी अस्पतालों से यह खेल बदस्तूर जारी, सरकारी डॉक्टर के यहां प्राइवेट तैनात लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार डॉक्टरो में मचा हड़कंप। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायत को देखते हुए जिन अस्पतालों पर पूर्व में कार्रवाई की गई है और वह दोबारा संचालित है ऐसे लगभग तीस अस्पतालों को चिन्हित कर आज जांच की गई है और उनके अभिलेख जप्त किए गए हैं जिसमें सभी से अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के कागज व डॉक्टरों की मौजूदगी चेक की गई। यह किसी की जान से खिलवाड़ का मामला है जिसमें आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद उवैस अंसारी को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा व बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। शबनम बानो पत्नी रईस अहमद, निवासी कुरी रवाना, तहसील कांठ, जनपद मुरादाबाद।

## आज से 2 अक्टूबर तक पंचायत भवन परिसर में आयोजित होगी प्रदर्शनी

**मुरादाबाद।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा न्यू इंडिया/2047 पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ 17 सितंबर को अपराह्न 01:00 बजे राज्यमंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत श्री सोमेंद्र तोमर और एमएलसी श्री ऋषिपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

### कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 16.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत देवीपुरा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 12.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 01.10.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 01.10.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जालपुर में विकास के घर से नर सिंह के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | मिट्टी, ईंट, सीमेंट आदि। | 50 मी0 | 276468/- | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | जालपुर में अर्जुन के घर से मंदिर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | मिट्टी, ईंट, सीमेंट आदि। | 100 मी0 | 441100/- | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | देवीपुरा में दारा के घर से चन्द्रपाल के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | मिट्टी, ईंट, सीमेंट आदि। | 105 मी0 | 274948/- | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | जालपुर में मैन रोड से राजवीर के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | मिट्टी, ईंट, सीमेंट आदि। | 50 मी0 | 108015/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत देवीपुरा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था गांधी नारी कल्याण समिति, पता कुमार कोल्ड स्टोरेज धमापुर जिला बिजनौर 01. सर्वश्री डा० सरोज मार्कण्डेय, भूतपूर्व अध्यक्ष, मंगलम् कालागढ़ रोड, धामपुर जिला बिजनौर। 02. श्रीमती मधु गुप्ता भूतपूर्व प्रथम उपाध्यक्ष द्वारा नरेन्द्र कुमार गुप्ता, बड़ी मण्डी, धामपुर जिला बिजनौर। 03. श्रीमती रमा जैन, भूतपूर्व द्वितीय उपाध्यक्ष, द्वारा श्री ज्ञानेन्द्र कुमार जैन, बडी, मण्डी, धामपुर जिला बिजनौर। 04. श्रीमती कामना आर्य भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, मो० लोहियान, धामपुर जिला बिजनौर । 05. श्रीमती सुनीता मन्दा पूर्व सदस्य, निवासी पुराना धामपुर जिला बिजनौर। 06. श्रीमती स्नेहलता भूतपूर्व सदस्य, निकट पुराना स्टेट बैंक कालागढ मार्ग, लखनऊ। 07. श्रीमती आभा अग्रवाल भूतपूर्व सदस्य, बडी मण्डी धामपुर जिला बिजनौर। 08. श्रीमती उषा अग्रवाल भूतपूर्व सदस्य, बडी मण्डी, धामपुर जिला बिजनौर। 09. श्रीमती कुसुम अग्रवाल भूतपूर्व सदस्य द्वारा नवरंग टेक्सटाइन धामपुर जिला बिजनौर।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि संस्था गांधी नारी कल्याण समिति, पता कुमार कोल्ड स्टोरेज धामपुर जिला बिजनौर का नवीनीकरण किये जाने हेतु डा० शांति शर्मा स्वयं को उक्त संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धसमिति की सूची तथा साधारण सभा की सूची वर्ष 2024-2025 में आपको संस्था में चयनित नहीं दर्शाया गया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो०रजि०एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। है। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा० पंजी०अधि0 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा।

**आज्ञा से-(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक।**

### न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।

**उत्तराधिकार वि. वाद सं.** 22/2025
**तारीख पेशी:** 23.09.2025
**सोमपाल बनाम नीतू कश्यप।**

सोमपाल आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र स्व. सुरेश पाल निवासी प्रीतम नगर नियर मण्डी समिति जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. नीतू कश्यप आयु लगभग 36 वर्ष पुत्री सुरेश पाल कश्यप निवासी 34 हाईडिल कालौनी लाईनपार जिला मुरादाबाद- **प्रतिवादी/मृतका की पुत्री।**
2. जनता आम मौहल्ला प्रीतमनगर नियर मंडी समिति शहर व जिला मुरादाबाद।

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा सोमपाल हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा सोमपाल मुसबफा सुरेश पाल अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 6,00,000/-हरगाह मुसम्मा सोमपाल ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 23 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी. डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी०डि०), मुरादाबाद।**

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

टेन्डर नं. Sr. DEN-C/Publication/25-26 दिनांक 15.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 171-DRM-MB-25-26 Date - 15.09.2025 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 60000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. wagons / hoppers at Bangarmau under Sr.DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 09.10.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 9,96,89,400.00 |
| धरोहर राशि | 6,48,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.09.2025 |

2836/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, ई.वी चार्जिंग कम पार्किंग, पूजा सामग्री कीओस्क, मेडिकल आउटलेट, डिजिटल लॉकर, स्लीपिंग पॉड्स, स्टाफ कैंटीन एव रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ Website www.ireps.gov.in पर दिनांक 30.09.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2830/25

छेहरटा-सहरसा जं. रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा छेहरटा एवं सहरसा जं. स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. 14628/14627 नई अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा का शुभारम्भ किया जा रहा है। अमृत भारत एक्सप्रेस की तिथियाँ, समय-सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे:-

14628/14627 छेहरटा-सहरसा जं.-छेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 14628 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 14627 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:20 | छेहरटा | 03:20 | -- |
| 10:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 1300 |

चलने के दिन: 14628 छेहरटा से दिनांक 20.09.2025 से प्रत्येक शनिवार को और 14627 सहरसा जं. से दिनांक 22.09.2025 से प्रत्येक सोमवार को।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: अमृतसर जं., ब्यास, जलंधर शहर जं. फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद जं., राजपुरा जं., अम्बाला कैंट. जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद जं., चन्दौसी जं., सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. सीतामढ़ी, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर जं., निर्मली, सरायगढ़ और सुपौल स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2840/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्टेटिंग विश्व चैंपियनशिप में आनंद ने जीता सोना




## भारत को पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग/नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक स्वर्णिम अध्याय लिखा।

वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24-924 सेकंड का समय लेकर शानदार जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43:072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था। इस जीत के साथ, उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को सर्वोच्च पोडियम तक पहुंचाया और स्पीड स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बने। भारत की पदक तालिका में तब और इज़ाफ़ा हुआ जब जूनियर स्केटर कृष शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में 1,000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता, जिसने देश में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 13 सितम्बर को बेइदाईहे में शुरू हुई और 21 सितम्बर को समाप्त होगी। भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के अधिकारियों ने इस जीत को एक ऐसे खेल के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जिसने जमीनी स्तर की अकादमियों के माध्यम से लगातार लोकप्रियता हासिल की है। इतालवी कोच लुका प्रेस्टी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे वेलकुमार ने यह पदक अपने परिवार और कोचों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है। यह उन सभी की जीत है जिन्हें विश्वास था कि एक भारतीय ऐसा कर सकता है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से स्पीड स्केटिंग के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट समर्थन बढ़ने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में ओलंपिक में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा, ष्स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जोश ने उन्हें स्केटिंग में भारत का पहला विश्व चैंपियन बनाया है।

## योगी ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप विजेता आनंद को दी बधाई

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। वेल. कुमार ने 1:24:924 सेकंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ममता ने फिर्ड ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर वैशाली को बधाई

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट दूसरी बार जीतने पर आज बधाई दी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि वैशाली रमेशबाबू को दूसरी बार थ्य्क्ष्म ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। यह एक अनूठी उपलब्धि है और मैं उनके परिवार और दोस्तों को भी बधाई देती हूं।

### प्रो कबड्डी लीग में अपनी कमेंट्री से मनोज बाजपेयी ने रचा 'भौकाल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** सालों तक विभिन्न विधाओं में प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय करने के बाद, अभिनेता मनोज बाजपेयी को एक नया आयाम मिल गया है, इस बार माइक के पीछे भोजपुरी कमेंट्री के साथ। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के जियोस्टार प्रेजेंटेशन में, बाजपेयी कैमरे में एक उल्लासपूर्ण उन्माद में कैद हुए, जब उन्होंने जियोस्टार स्टूडियो में पिछले सीजन के एक यादगार पल पर कमेंट्री करते हुए एक अविस्मरणीय क्षण प्रस्तुत किया। यह सिर्फ़ एक सहज इशारा नहीं था, बल्कि भोजपुरी में कमेंट्री का एक पूरी तरह से डूबा हुआ शॉट था, जो इस लीग की सबसे नई क्षेत्रीय भाषाओं में से एक है। खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक पर बाजपेयी की स्पष्ट और सच्ची प्रतिक्रिया इस बात का प्रतीक है कि भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक को घर जैसी भाषा में देखना लोगों को अद्वितीय तरीकों से जोड़ता है। भोजपुरी कमेंट्री बॉक्स में कुशल परीक्षण के साथ, यह देखना बाकी है कि क्या बाजपेयी इस सीजन में फिर से लौटेंगे और जल्द ही अपने नए करियर को आजमाएंगे।

# अपोलो टायर्स बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक




● 579 करोड़ रुपये में हासिल किए अधिकार

**मुंबई, वार्ता।** अपोलो टायर्स ने 579 करोड़ रुपये की शानदार बोली लगाकर त्रिकोणीय मुक. ाबले में जीत हासिल करते हुए भारतीय टीम के प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह प्रायोजन सौदा तीन साल का है और इसमें 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।

100 से ज्यादा देशों में मौजूदगी वाली गुड़गांव स्थित इस टायर कंपनी ने कैनवा और जेके सीमेंट्स की चुनौतियों को मात दी, जिन्होंने क्रमशः 544 करोड़ रुपये और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। यह सौदा प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये का बैठता है, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मैचों के बीच मूल्य अंतर को देखते हुए इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आधार मूल्य द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये था। सभी रियल मनी गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश द्वारा ड्रीम11 सौदे को रद्द करने के बाद बीसीसीआई को एक नए प्रायोजक के लिए निविदाएं जारी करनी पड़ीं। एशिया कप के करीब आने वाले सरकारी आदेश के साथ, बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए जर्सी प्रायोजक के बिना जाना पड़ा।

नए प्रायोजकों को पहला अंतर्राष्ट्रीय लाभ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में मिलेगा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एक सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।

## चीन के वांग टेटे पुरुष विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर लौटे

**बीजिंग, वार्ता।** आईटीटीएफ द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम विश्व रैंकिंग के बाद, चीन के वांग चुकिन पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आए हैं। वांग ने रविवार को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ जीतकर 1,000 रैंकिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह हमवतन लिन शिदोंग से 9,425 अंकों के साथ आगे निकल गए, जबकि लिन के 9,375 अंक हैं। डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ के उपविजेता ब्राज़ील के ह्यूगो काल्डेरानो तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि जापान के तोमोकाज़ू हरिमोटो चौथे स्थान पर खिसक गए। शीर्ष 10 में स्वीडन की ट्रुल्स मोरेगार्ड, चीन की लियांग जिंगकुन, फ्रांस की फेलिक्स लेब्रन, जर्मनी की डूडा, चीन की जियांग पेंग और स्लोवेनिया की डार्को जोर्गिक शामिल हैं।

# रैंकिंग में फिर नंबर-1 मंधाना

● स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार फिफ्टी लगाकर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कब्जाया




**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्द्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गईं। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत जीतेगा 20 से ज्यादा पदक: देवेंद्र

● 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है।

27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इस खेल आयोजन में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष और दो बार के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहेगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय दल 20 से ज्यादा मेडल जीतकर इतिहास रचेगा। पीसीआई के अध्यक्ष झाझरिया ने कहा कि हमारे पास 73 खिलाड़ी हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा खेलों की तरक्की को बखूबी प्रदर्शित करता है।

पिछली बार कोबे में भारत ने 17 मेडल जीते थे। इस बार हमारी टीम और मजबूत है और मुझे पूरा यकीन है कि हम 20 से ज्यादा मेडल जीतेंगे।

# डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

● डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 6.15 मी. की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया



**टोक्यो, वार्ता।** वह कूद पड़ा। वह चिल्लाया। उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज़्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ़' 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है। हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया( दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए। जो कि सिर्फ़ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। यही मेरी मानसिकता थी कि उन्होंने बताया। ष्मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं। ज़मीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा। सिर्फ़ 25 साल की उम्र में, डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले, टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से, उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक ख्‍िाताब जीता है, और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था।

मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है,ष उन्होंने कहा। ष्मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है।

# सुपर-4 की जंग के लिए भिड़ेंगे पाक-यूएई

**दुबई, वार्ता।** क्रिकेट अक्सर तब सबसे रोमांचक होता है जब एक टीम अपनी लय फिर से तलाश रही होती है और दूसरी टीम यह साबित करने पर आमादा होती है कि वह उसी मंच के लिए काबिल है। सलमान आगा की अगुवाई में पाकिस्तान कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 के 10वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ने के लिए तैयार है, और यही स्थिति है। पाकिस्तान यहां कुछ चोटों के साथ पहुंचा है।

उनके गेंदबाज अनुशासित और नए-नए अंदाज में खेल रहे हैं, लेकिन भारत के खिलाफ बल्लेबाजी का पतन-एक आशाजनक शुरुआत के बाद 127 रन पर नौ विकेट-सवालों के घेरे में है। यह मुकाबला उनके बल्लेबाज़ों को यह दिखाने का मौका देता है कि एक खराब प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को परिभाषित नहीं करता। सईम अयूब शीर्ष क्रम में व्यवस्थित दिखे हैं, और साहिबज़ादा फरहान ने दबाव वाले मैचों में जरूरी शांत स्वभाव दिखाया है। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, फखर जमान जानते होंगे कि टीम को एक स्थिर शुरुआत के बाद साफ-सुथरे स्ट्राइक की जरूरत है। कप्तानी में नए लेकिन शांतचित्त सलमान आगा को बीच के ओवरों में लय बनानी होगी। हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के पास ऐसे स्ट्रोक्स हैं जो अगर उन्हें सही मंच मिले तो स्कोर को मजबूत बनाए रख सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान का आक्रमण काफी मजबूत है। शाहीन अफरीदी की बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी किसी भी शीर्ष क्रम को परेशान कर सकती है, और हारिस रऊफ का अंतिम छोर पर नियंत्रण बेहद अहम है।



# सिंधु चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में

**शेनझेन।** पीवी सिंधु ने डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को केवल 27 मिनट में 21-5, 21-10 से हराकर ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। पुरुष एकल में, युवा आयुष शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को कड़ी टक्कर दी। पहला गेम 19-21 से हारने के बाद, आयुष ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम किया, लेकिन निर्णायक गेम में 68 मिनट तक चले मैच में 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी अपने जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गई।

# एशिया कप से नाम वापस लेना आसान काम नहीं

● पाकिस्तान को होगा 140 करोड़ तक का नुकसान

● एशियाई क्रिकेट परिषद की सालाना कमाई का 74 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों में बराबर-बराबर बंटता है




**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एशिया कप से बाहर निकलने की कथित धमकी को अमल में लाना आसान नहीं होगा। अगर पाकिस्तान ऐसा करता है, तो उसे करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 100 से 140 करोड़ रुपये तक) का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। शेष 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है। ये कमाई प्रसारण अधिकार (टीवी और डिजिटल), प्रायोजन सौदे और टिकट बिक्री जैसे विभिन्न स्रोतों से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को अनुमानित 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (ैच्छप्) ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रसारण करार किया है। इसमें महिला एशिया कप और अंडर-19 एशिया कप के प्रसारण अधिकार भी शामिल हैं। अगर पाकिस्तान बीच टूर्नामेंट से बाहर होता है तो प्रसारक के साथ बड़ी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुक. ाबला इस सौदे का सबसे बड़ा आकर्षण है। इस मैच के लिए विज्ञापन स्लाट प्रीमियम रेट पर बेचे जाते हैं। पाकिस्तान के बाहर होने पर विज्ञापनदाताओं और प्रसारक को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। पीसीबी प्रमुख और पाकिस्तान के गृह एवं नारकोटिक्स नियंत्रण मंत्री मोहसिन नकवी इस समय एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने खुलकर आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट पर निशाना साधा था और भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के विवाद के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। साथ ही आईसीसी को पत्र लिखकर पायक्राफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की थी। साथ ही यह धमकी भी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगी। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकरा दी और पायक्राफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पीसीबी के सामने मुश्किल स्थिति है। एक तरफ पैसा है तो दूसरी तरफ देश का आत्मसम्मान है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान क्या चुनता है। अगर उसे पैसा कमाना है तो आत्मसम्मान से समझौता करना होगा।

## ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीत पर भारत की वापसी पर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत-यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है। वे महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आत्मविश्वास से लबरेज और ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास से लबरेज हैं। लेकिन भारत को पूरी तरह से नजरअंदाज मत कीजिए-अभी नहीं। वे पहले मैच में भले ही दूसरे स्थान पर रहे हों, लेकिन हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे हैं। स्मृति मंधाना और युवा प्रतिका रावल ने शीर्ष क्रम में 117 रनों की शानदार साझेदारी करके एक आक्रामक स्कोर की नींव रखी।

# खुशहालपुर बैंक कॉलोनी में नाले में गिरी गाय, रेस्क्यू कर बचाई जान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र खुशहालपुर बैंक कॉलोनी क्षेत्र में उस समय एक घटना घटित हो गई जब एक गाय गहरे नाले में जा गिरी,बैंक कॉलोनी के नाले में गिरी गाय को निगम की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर जेसीबी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाला।

बताया जा रहा कि महानगर के वार्ड 3 खुशहालपुर बैंक कॉलोनी में बह रहे बड़े नाले में एक गाय के गिरे होने की सूचना निगम कर्मियों को मिली, सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पार्षद पति सुद्धाशु कौशिक मौके पर निगम की टीम के साथ पहुंचे और नाले में गिरी गाय को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान की शुरुआत हुई, घंटो तक निगम कर्मी नाले में उतरकर गाय को रस्सी व बल्ली बाँधकर बाहर निकालने का प्रयास करते रहे, किन्तु गहरे नाले के कारण सफलता हाथ नहीं लगीं, जिसके बाद जेसीबी की मदद ली गई और गाय को सकुशल बाहर निकाला गया, रेस्क्यू अभियान के दौरान लोगो की भीड़ लग गई, स्थानीय लोगो ने बताया की गाय घंटो से नाले में गिरी पड़ी थी,उसकी आवाज और छटपटाहट सुनकर लोगो का ध्यान उसपर गया तब जाकर लोगो ने निगम को जानकारी दीं, निगम की टीम ने भी बड़ी मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाला।

## भोजपुर थाने का एसएसपी सतपाल अंतिल ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सोमवार की देर रात को थाने के निरीक्षण कर रजिस्टरों की गहनता से जांच की। मुक. दमों में वांक्षित चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई,अपराध, त्योहार आदि रजिस्टरों की गहनता से जांच पड़ताल की। उन्होंने अभिलेखों को समय से पूरा करने, गैंगस्टर एक्ट,एच एस,गुंडा एक्ट में त्वरित कार्रवाई करने को कहा।घ्इस दौरान उन्होंने थाने में लगे सीसीटीएनएस शाखा, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, महिला हेल्प लाइन डेस्क,मालिकाना,बंदी गृह, आरक्षियों के रहने की बैरक, भोजनालय,आर ओ वाटर की स्थिति, थाना परिसर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को, थाने में लगने वाले समाधान दिवस, तहसील दिवस में फरियादियों द्वारा दी गई शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने, हिस्ट्रीशिटरों की कड़ी निगरानी रखने पैंडिंग विवेचनाओं का शीघ्र निराकरण करने, अदालतों में चल रहे वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने के निर्देश दिए।

# जनपद भर में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल

## चन्दौसी का मां-मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हुआ सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ जनपद भर में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसने के लिए राजस्व विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई शुरू कर दी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंगलवार को चन्दौसी सीतारोड स्थित मां मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर टीम ने छापेमारी की। इस दौरान नायब तहस. ीलदार रजत कुमार, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार और राजस्वकर्मी मौजूद रहे। जांच के दौरान अस्पताल के अंदर डॉक्टर नदारद मिले और मरीजों की सुविधा के नाम पर अव्यवस्थाएं साफ तौर पर देखी गईं। बताते चलें कि अस्पताल संचालक मूल रूप से बदायूं जनपद का रहने वाला है जिसने कई साल पहले कबीर गली के सामने एक छोटा-सा क्लीनिक खोला था। उसके पास डॉक्टरी की मान्य डिग्री न होने के बावजूद उसने धीरे-धीरे अपना काम बढ़ाया और स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते मां मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शुरू कर दिया। शिकायतों के अनुसार



अस्पताल में मरीजों को एजेंटों के माध्यम से कमीशन पर भर्ती कराया जाता था और इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती थी। यही नहीं, अस्पताल में न तो जरूरी चिकित्सक उपलब्ध थे और न ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं। कार्यवाही के दौरान टीम ने एक्स-रे मशीन समेत अन्य उपकरण जब्त कर लिए और अस्पताल को बाहर से ताला लगाकर सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीएमओ कार्यालय में इस अस्पताल के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल यही एक अस्पताल नहीं, बल्कि नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर क्लीनिक व अस्पताल चला रहे हैं। वे मरीजों को एजेंटों के सहारे फंसा कर इलाज के नाम पर शोषण करते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम जनता को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## एक नजर

### एफआर इंटर कॉलेज में साइबर अपराध की रोकथाम पर हुई गोष्ठी



**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में मंगलवार को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित तथा टी.वी.आई. काइट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा आयोजित 'साइबर अपराध और उसकी रोकथाम' विषयक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने फीता काटकर किया। विद्यालय के भौतिक विज्ञान अध्यापक अब्दुल शारिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश की लगभग सभी व्यवस्थाएं: बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल व हवाई संचालन, प्रशासन आदि इंटरनेट पर आधारित हो गई हैं। डिजिटल माध्यमों पर बढ़ती निर्भरता के चलते साइबर अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। अपराधी संगठित रूप से बैंकिंग और अन्य व्यवस्थाओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा की जानकारी और सतर्कता ही इनसे बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने कहा कि मोबाइल और कंप्यूटर में संचित व्यक्तिगत सूचनाएं भी असुरक्षित रहती हैं। साइबर अपराधी बिना छुए भी आपके डाटा तक पहुंच सकते हैं, जिससे भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे सावधानी और तकनीकी जानकारी को जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद एजाज ने किया। इस अवसर पर हाजी वाहिद हुसैन, शफीक मियां सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इसी क्रम में विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नगरपालिका की सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह ने छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सफाई केवल पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने गीले और सूखे कूड़े के पृथक्करण, पैकेज्ड फूड मैटेरियल को अलग से संकलित करने और नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कंपोस्ट खाद की जानकारी भी दी।

### शम्भू ठाकुर बने करणी सेना मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष

**चन्दौसी।** क्षत्रिय करणी सेना ने संगठन को मजबूती देने के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसी क्रम में मुरादाबाद मंडल की कमान शम्भू ठाकुर को सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष निकुंज ठाकुर ने उन्हें मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष शम्भू ठाकुर उर्फ श्यामवीर सिंह निवासी मुडिघ्याखेड़ा, थाना कुढ़फतेहगढ़, जिला सम्भल हैं। संगठन की ओर से बताया गया कि शम्भू ठाकुर लंबे समय से करणी सेना की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और समाज तथा संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। उनका कहना है कि शम्भू ठाकुर के नेतृत्व में करणी सेना मुरादाबाद मंडल में और अधिक सशक्त होगी तथा समाजहित के मुद्दों को बुलंद किया जाएगा।

### श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन




**चन्दौसी।** कैथल गेट स्थित एम.सी.सी. गोदाम में विगत सात दिनों से चल रही 'श्रीमद्भागवत महापुराण कथा' का मंगलवार को समापन श्रद्धा, भक्ति और उमंग से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिवस पर कथा स्थल भक्तों की भीड़ से खचाखच भरा रहा। कथाव्यास ''महंत रमेशदास महाराज'' ने अपने सुमधुर कंठ से 'सुदामा चरित्र' का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे सुदामा का निर्धन जीवन होते हुए भी उनकी भगवद्भक्ति और निष्ठा अद्वितीय थी। जब सुदामा सच्चे मन से अपने मित्र श्रीकृष्ण के दर्शन हेतु द्वारका पहुँचे तो भगवान श्रीकृष्ण उन्हें देखते ही राजम. हल से नंगे पाँव दौड़ पड़े और हर्षोल्लास से गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस प्रसंग ने कथा पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं की आँखें नम कर दीं और वातावरण 'सुदामा-कृष्ण' की अमर मैत्री से गूंज उठा। इसके पश्चात महाराज ने 'भगवान श्रीकृष्ण के वैकुण्ठ प्रस्थान' का भावमय वर्णन किया। उन्होंने समझाया कि जब भगवान का अवतार कार्य पूर्ण हो जाता है, तब वे पुनः अपने दिव्य धाम वैकुण्ठ को प्रस्थान करते हैं। इस प्रसंग ने भक्तों को जीवन के गूढ़ आध्यात्मिक संदेश से अवगत कराया कि प्रभु के चरणों में ही जीव की परम गति निहित है। अंतिम दिवस पर भक्तों ने कथा श्रवण के उपरांत भगवान का महाप्रसाद ग्रहण किया।

प्रसाद वितरण के समय भक्ति-भाव, आनंद और सामूहिक उल्लास का अद्भुत दृश्य उपस्थित हुआ। श्रद्धालु प्रसाद पाकर अपने को धन्य मानते रहे और सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे कथा से मिले संदेश को अपने जीवन में उतारकर सत्कर्म और भक्ति का मार्ग अपनाएँगे। कथा समापन के अवसर पर व्यासपीठ पर सजाए गए भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के भव्य झाँकी दर्शन ने भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वातावरण हर क्षण हरे राम-हरे कृष्ण के मधुर संकीर्तन से गुंजायमान रहा।

### प्राचार्य की ओर से कराई गई एफआईआर में विवेचना शुरू

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज के प्रबंधन तंत्र और आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रबंधन तंत्र ने प्राचार्य डॉ. यादव व प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार को निलंबित कर दिया है। कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं को दोनों पक्ष जनता के सामने लाकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले 30-35 वर्षों से आयोग से आए प्राचार्यों का प्रबंधन तंत्र से तालमेल नहीं बैठ पाया है। वर्तमान विवाद में नुकसान प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव, प्रो. प्रवीण कुमार और डॉ. गीता शर्मा को झेलना पड़ा है। प्राचार्य के कॉलेज में प्रवेश पर रोक है, हालांकि कुछ मामलों में उन्हें क्लीनचिट मिल चुकी है। डॉ. यादव स्वयं को निलंबित व बर्खास्त मानने से इनकार करते हुए कहते हैं कि वह कैंप कार्यालय से प्रशासन चला रहे हैं, जबकि प्रबंधन कमेटी इसे नकार रही है। प्राचार्य ने नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। विवेचना हेतु विवेचक सत्येंद्र कुमार ने प्राचार्य के साथ कॉलेज पहुंचकर नक्शा नजरी तैयार किया और मामले की बिंदुवार जानकारी ली।

### किसानों ने मुआवजा व पेयजल योजना की मांग को लेकर दिया धरना

**चन्दौसी।** मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील परिसर चन्दौसी में किसानों ने धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरुआत की। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस धरने में किसानों ने ग्राम असालतपुर जारई, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल की भूमि अधिग्रहण से संबंधित अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। किसानों ने बताया कि उनकी भूमि नगरपालिका सीमा से मात्र 05 किलोमीटर के दायरे में अर्ध-नगरीय विशिष्ट क्षेत्र के अंतर्गत आती है। जबकि उनकी भूमि के सामने मात्र 05 मीटर की दूरी पर विकसित हो रहे हिंदुस्तान प्लेस पार्क औद्योगिक क्षेत्र की भूमि का सर्किल रेट 8000 रुपये प्रति वर्ग मीटर है, इसी दौरान किसानों ने ग्राम असालतपुर जारई की पेयजल योजना का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि टंकी का निर्माण दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, सड़कों को खोदकर कनेक्शन देने के नाम पर ग्रामीणों से आधार कार्ड तक ले लिए गए, लेकिन अब तक न तो पाइप लाइन बिछाई गई और न ही टंकी का कार्य पूरा हुआ। किसानों ने इसकी जांच कर तुरंत निर्माण पूर्ण कराने की मांग भी उपजिलाधिकारी से की।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से भाई-बहन घायल

ठाकुरद्वारा। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर लगने से बाइक सड़क पर गिर गई जिसमें दोनों भाई बहन सड़क पर गिरकर घायल हो गए दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई । राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । घटना के बाद ट्रक चालक डंपर लेकर फरार हो गया। उत्तराखंड के थाना जसपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र ब्रजकिशोर अपनी बहन रूपा देवी पत्नी राम सिंह को ठाकुरद्वारा से दवाई दिलाकर बाइक से जसपुर लौट रहा था । ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर स्थित फैजुल्लागंज के निकट आरा मशीन के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी । जिसमें दोनों भाई बहन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक सहित फरार हो गया राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# आईएफटीएम में आयोजित हुई ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इसके उभरते अनुप्रयोगों के संदर्भ में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक के अंतर्गत एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ''टेक विज-14'' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत अवधारणाओं, शोध प्रवृत्तियों तथा वास्तविक जीवन में इसके प्रयोगों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के युग में स्वास्थ्य सेवा, साइबर सुरक्षा, स्वचालन, डेटा एनालिटिक्स और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। उन्होंने



बताया कि एआई केवल तकनीकी नवाचार नहीं है, बल्कि यह औद्योगिक क्रांति की नींव है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस तकनीक के सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुप्रयोग दोनों को समझना अत्यंत आवश्यक है। वहीं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एड एप्लीकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने एआई के विविध उपविषयों जैसे कि मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क्स, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और कंप्यूटर विजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का समुचित ज्ञान विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें शोध और औद्योगिक प्रोजेक्ट्स में भी बढ़ने का अवसर देगा। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की तकनीकी जिज्ञासा को बढ़ावा देने तथा उनके कौशल और व्यावहारिक दक्षता को निखारने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यकम के सफल आयोजन में डॉ. शुक्ला और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार का विशेष योगदान रहा। इस दौरान स्कूल के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 382 प्रतिभागी विद्याथियों के अलावा डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा, डॉ. मनीष रंजन पाण्डेय, डॉ. ललित जौहरी, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. शैली भारद्वाज, श्रीमती ऋतू नारंग एवं श्रीमती सुगंध अहलावत आदि फैकल्टी मेंम्बर्स उपस्थित रहे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षक संघों ने कलक्ट्रेट पर किया जोरदार प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में कक्षा 1 से 8 तक के समस्त शिक्षकों के लिए टी ई टी अनिवार्य करने के विरोध में हजारों की संख्या में शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक भवन दांग परिसर से चलकर कलेक्ट्रट तक जुलूस निकालकर प्रशासन को प्रधानमंत्री भारत सरकार,नई दिल्ली, को संबोधित बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवारत रहने वह पदोन्नति में टी ई टी परीक्षा के अनिवार्यता न होने विषयक ज्ञापन सौपा। जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि 1 सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत समस्त शिक्षकों के टी ई टी की अनिवार्यता के फैसले से शिक्षकों में अपनी सेवा सुरक्षा व आजीविका संबंधी भय उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी से ज्ञापन के माध्यम से आरटीई एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने व पदोन्नति में टी ई टी की अनिवार्यता समाप्त करने का अनुरोध करते हैं,कहा कि सभी शिक्षक संगठन का




साथ दें।संगठन हर समय आपके साथ है,किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा, जब तक समस्या का पूर्ण हल नही हो जाता संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। मांडलिक मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा की संघठन शिक्षक हितों की लड़ाई के लिए लखनऊ से दिल्ली तक लड़ने के लिए तैयार है, सभी निश्चिन्त रहे जीत हमारी होंगी। कार्यक्रम का सचालन मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। दिये गए ज्ञापन में आर टी ई अधिनियम व एन सी टी ई अधिनियम की विभिन्न धाराओं का वर्णन किया गया है। ज्ञापन के समय मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ कपिल सिरोही, प्रदीप कुमार शर्मा, राकेश कौशिक,अनिल कुमार,उपेंद्र सिंह,वीर सिंह, सुरजीत यादव, अनिल गिल, प्रदीप कुमार, हीमांशु वशिष्ठ,आलोक मलिक, त्रिवेंद्र सिंह, इकमान अली, रविन्द्र, चंचल सरोज,शिवि गुप्ता,प्रियंका चौधरी, मधुबाला, शिखा शर्मा,रेहाना नेगी,दुष्यंत यादव,सुख स्वरुप गुप्ता, सुमित ठाकुर, मो रिजवान, मेघराज सिंह,कुलदीप शर्मा, चंद्र किरण, राजीव ठाकुर, भूपेंद्र यादव,मनीष, गौतम सिंह, अकरम अली, भूपेंद्र यादव,शमीम अहमद, सर्वेश कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे।

# एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर गरजे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ मुरादाबाद में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता जमकर गरजे और उनके विरुद्ध मुक. दमा दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर एसपी सिटी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि चौधरी के द्वारा मझोला थाने और एसपी सिटी कार्यालय में दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने अत्यंत आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने अपने बयान में महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा तथा सालार मसूद को इंसाफ पसंद मुसलमान बताया है। महाराजा सुहेलदेव भारतीय इतिहास में विदेशी आक्रमणकारियों से देश की रक्षा करने वाले वीर योध्द्धा एवं जननायक के रूप में पूजनीय हैं। उनके संबंध में इस प्रकार का असत्य, आमक और आपत्तिजनक बयान न केवल हमारे



समाज की धार्मिक आस्थाओं को आहत करता है, बल्कि देश की सां. प्रदायिक सौहार्द, एकता एवं कानून-व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।शौकत अली के द्वारा दिये गए इस बयान से जनमानस में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए शौकत अली के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर, कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि चौधरी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से हमें ज्ञात हुआ है कि एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने एक आपत्ति. जनक बयान दिया है, जिसमें उन्होंने अपने बयान में महाराज सुहेलदेव को लुटेरा और सालार मसूद को इंसाफ पसंद मुसलमान बताया है। इस बयान से लोगों में खासा रोष व्याप्त है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मांग करती है कि शौकत अली के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए।

## पांचवें दिन आचार्य सत्य देवानंद ने गोवर्धन की कथा सुनाकर किया कृष्ण की लीलाओं का वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सनातन वर्ग समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य सत्य देवानंद ने गोवर्धन की कथा सुनाते हुए भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया इस दौरान बच्चों ने सुंदर झांकियां के माध्यम से कथा के बीच में भक्ति का माहौल बनाया आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मुरादाबाद के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और राधा कृष्ण एवं गोपियों संग फूलों की होली खेल कर सबका ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मनोज चौधरी अखिलेश बिश्नोई मोनू शर्मा बिंदा चौधरी बालमुकुंद शर्मा मनोज चौधरी प्रधान दयानंद बिश्नोई जसवीर सिंह बबलू सुभाष चौधरी डब्बू चौधरी सतवीर सिंह मान हरीशुदन चौधरी राहुल चौधरी अशोक शर्मा श्री ओम बिश्नोई गीता सिंह रीता बिश्नोई कविता सिंह सुनीता चौधरी विनीत चौधरी मंजू चौधरी मीनाक्षी चौधरी प्रीति चौधरी सहित बड़ी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे। प्रसाद की व्यवस्था उपदेश कुमार धर्मेंद्र कुमार मोहित कुमार अनुज कुमार सन्दलीपुर की ओर से की गई।

# आईएफटीएम में 'विश्व ओजोन दिवस' के अवसर पर हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''विश्व ओजोन दिवस'' के अवसर पर 'विज्ञान से लेकर वैश्विक कार्रवाई तक' शीर्षक के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके वैज्ञानिक व पर्यावरणीय पहलुओं पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए इस कार्यक्रम को पर्यावरणीय चेतना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. डी. शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। डॉ. सिहं ने अपने संबोधन में बताया कि 'विश्व ओजोन दिवस' हर वर्ष 16 सितम्बर को मनाया जाता है, जिसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में की गई थी। उन्होंने जानकारी दी कि यह दिन



1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की स्मृति में मनाया जाता है, जो ओजोन क्षरणकारी पदार्थों के नियंत्रण हेतु एक वैश्विक संधि है।

इस मौके पर संयोजक व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक ने बताया कि ओजोन परत क्षरण के प्रमुख कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन है जो वातावरण में पहुंचकर स्ट्रैटोस्फियर में अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से टूटते हैं और क्लोरीन मुक्त करते हैं, जो ओजोन अणुओं को नष्ट करता है। डॉ. एस. डी. शर्मा ने क्लोरीन और ब्रोमीन युक्त रसायनों द्वारा वातावरण के प्रदूषण को ओजोन छिद्र विकसित होने का कारण बताया।

कार्यक्रम में सह संयोजक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि मानवज. नित गतिविधियाँ ओजोन क्षरण को बढ़ावा देती हैं, जो जलवायु परिवर्तन, कृषि उत्पादकता और समुद्री जीवन को भी प्रभावित करती है। डॉ. समीर चंद्रा ने ओजोन परत की संरचना, क्षरण के कारणों और संरक्षण के उपायों पर एक पावर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानवजनित गतिविधियाँ जैसे कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन का उत्सर्जन ओजोन परत को नुकसान पहुँचा रही हैं, जिससे पृथ्वी पर हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेट किरणों का प्रभाव बढ़ रहा है। कु. मीनू ने बताया कि जब ओजोन परत की मोटाई में कमी आने से पृथ्वी पर हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेट- बी और अल्ट्रा वॉयलेट- सी किरणों का प्रभाव बढ़ता है, जो कि मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की एम. एससी की छात्रा रिया ने भी ओजोन परत में हो रहे छिद्रों के विभिन्न कारणों के बारे में बताया।कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. पूजा नारंग ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विभिन्न विभागों के 38 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। अंत में डॉ. उदित यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. तृप्ति पाण्डेय, डॉ. सूर्यप्रकाश पाण्डेय, डॉ. वंदना आनंद एवं डॉ. शिव प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सम्पादकीय

बुधवार, 17 सितम्बर 2025

## धर्मांतरण कानून पर नोटिस

धर्मान्तरण कानून को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को धर्मान्तरण से जुड़े कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों को नोटिस जारी किया है और इसका जवाब चार हफ्ते में दाखिल करने को कहा है। उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में बने धर्मान्तरण कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गईं। इन्हीं याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका कर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है लेकिन यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं। असल में जिस तरह की कठोरता धर्मान्तरण कानूनों को लेकर बरती गई है वह बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है। इसलिए धर्मान्तरण कानूनों को लेकर एक पक्ष विशेषकर अल्पसंख्यक समाज जरा भी सहज नहीं है, बल्कि वह यह अंदेशा बार-बार सार्वजनिक रूप से जाहिर होती है कि इस कानून द्वारा एक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों का उत्पीड़न होगा। जिस तरह के प्रावधान धर्मान्तरण कानून में किए गए हैं, इससे उनकी आशंकाओं की पुष्टि भी होती है। जैसाकि सीनियर एडवोकेट चंद्र उदय सिंह ने अदालत में दलील भी दी कि यूपी में 2024 में धर्मान्तरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। उदय सिंह का कहना था कि जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गई और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उनका कहना था कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेयर मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने याद दिलाया कि इस मामले में एससी ने 2020 में नोटिस जारी किया था, बाद में जमीअत उलेमा हिन्द ने कोर्ट से मांग की कि छह हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश में इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक जरूरी है। अब सरकारें चार सप्ताह में क्या जवाब देंगी, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इससे एक बात साफ है कि धर्मान्तरण कानून में जिसको फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है। इस तरह की खामियां हैं, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगती है। पीठ के सामने वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय पारिख समेत अन्य पक्षकारों ने भी अपनी दलील रखी। वैसे वास्तव में देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का विभिन्न समाज वाले देश में कोई औचित्य नहीं है। इसके पीछे देखा जाए तो राजनीति मुख्य कारण है। धर्मान्तरण कानून लाया भी उन्हीं राज्यों में गया है, जहां भाजपा की सरकारें हैं। जो इस बात की तरफ इशारा करती है कि धर्मान्तरण को लेकर केवल भाजपा को ही समस्या है, अन्य सरकारों को नहीं। निसंदेह अगर कहीं कोई बलपूर्वक या षड्यंत्रकारी तरीके से धर्मान्तरण में शामिल होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए और उसके लिए हमारे पास पहले से ही कानून हैं, लेकिन यह पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं होना चाहिए।

## सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा



योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं, बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है, प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है, पीड़ित लोगों के एक दिन पहले दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा है, जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद सभी इंतजाम करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है, क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है।

**अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश







पवन सिंह

एनसीईआर जिस तरह से भारत की समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा है, उसने भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य ही नहीं भारत के समूचे सामाजिक और राजनैतिक व संवैधानिक ढांचे को ही खतरे में फंसा दिया है। बेहतरीन और प्रगतिशील शिक्षा देने वाला एनसीईआरटी मात्र दस सालों के भीतर कैसे इस देश के भविष्य के साथ ही खेलने लगेगा, यह आश्चर्यजनक ही नहीं भयावह भी है। ऐसा लगता है एनसीईआरटी पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था की तरह कट्टरता को ऊपर से नीचे तक ओढ़ लेना चाहता है। यकीन मानिए इस लेख को लिखते हुए मैं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर बुरी तरह से चिंतित हूं।

भारत में हुए किसान आंदोलनों का एक मजबूत इतिहास रहा है और इन किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें तक हिलाकर रख दी थीं लेकिन एनसीईआरटी को अब किसान आंदोलन अखरने लगे हैं। 80 के दशक का किसान आंदोलन एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम से गायब कर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से कुछ हिस्सों को हटाने को लेकर विवाद भी हुआ और इसी विवाद के बीच NCERT ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से भारतीय किसान यूनियन के किसान आंदोलन से संबंधित राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक अध्याय को हटा दिया। किसान यूनियन की स्थापना 1980 के दशक के अंत में दिग्गज किसान नेताओं महेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी चरण सिंह, एमडी नांजुंदास्वामी, नारायणस्वामी नायडू और भूपिंदर सिंह मान ने की थी और इन किसान नेताओं की बदौलत हमारा अन्नदाता किसान एक ताकत के रूप में उभरा। द ट्रिब्यून के अनुसार, 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक हटाया गया, जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई और अनेक देशों के किसान संगठनों ने ऐसे लंबे और अनुशासित आंदोलन कैसे चलाएं जाएं इस पर आश्चर्य प्रगट किया व सराहना की। हालांकि, राकेश टिकैत ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी लेकिन उस पर कितना और कब से अमल हुआ यह ज्ञात नहीं है। इसी तरह से एनसीईआरटी ने 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट वर्क के पहले अध्याय में भी बदलाव कर डाला। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भ में बदलाव कर डाले और इसी पाठ्यपुस्तक के अध्याय नंबर 10 में जम्मू कश्मीर के भारत में विलय से जुड़ी वह शर्त और उससे जुड़ी जानकारी भी हटा दी गई है, जिसमें इसे संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्त बनाए रखने की बात कही गई थी। इसे पाठ्यक्रम में बने रहने देने में कोई ऐतराज नहीं था क्योंकि पीढ़ियों को पता तो चलता कि यह धारा किन परिस्थितियों में और क्यों लगाई गई थी। NCERT ने 12वीं कक्षा की इतिहास की किताबों से मुगलों और 2002 के गुजरात दंगों पर सामग्री को हटा दिया और महात्मा गांधी जितनी आंखों में चुभते थे और चुभते रहे हैं तो महात्मा की लंगोटी को भी कैंची से काटना जरूरी था, लिहाजा कुछ अंश वहां से भी कट हुए। वर्ष 2022 में भी सांप्रदायिक और राजनैतिक दल की तरह एक्ट करने वाले एनसीईआरटी ने पाठ्ङक्रम से पर्यावरण संबंधी अध्याय हटा दिया था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। कोविड काल में भी एनसीईआरटी ने समाजशास्त्र की किताब से जातिगत भेदभाव से संबंधित सामग्री हटाई थी। कक्षा 10वीं की इतिहास की किताब से राष्ट्रवाद समेत तीन अध्याय हटाए गए। उसके पहले 9वीं कक्षा की किताबों से त्रावणकोर की महिलाओं के जातीय संघर्ष समेत तीन अध्याय हटाए गए थे। 2018 में भी एक ऐसे ही बदलाव में कक्षा 12वीं की राजनीतिक विज्ञान की किताब में गुजरात मुस्लिम विरोधी दंगों में से मुस्लिम विरोधी शब्द हटा दिया था। इस संदर्भ के साथ पाकिस्तान की साम्प्रदायिक हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार द डॉन ने एक रिपोर्ट छपी थी कि किस तरह पाकिस्तानी स्कूलों में हिंदुओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति विद्वेषपूर्ण और भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है। पाकिस्तान के शिक्षकों को पूरी तरह से साम्प्रदायिक कर दिया गया है। यह शिक्षक गैर मुस्लिमों को इस्लाम का दुश्मन मानते हैं। एक अध्ययन अमेरिकी सरकार से जुड़े एक मिशन द्वारा किया गया था जिसके अनुसार पाकिस्तान में कट्टर इस्लाम के नाम पर जहर का बीज बोया जा रहा है। 9/11 हमले के बाद पूरी दुनिया का ध्यान स्कूलों में पढाई जाने वाली टैक्स्ट बुक की ओर गया। खासकर सऊदी अरब और पाकिस्तान की स्कूली किताबों की ओर। अमेरिका ने काफी दबाव डालकर सऊदी अरब की स्कूली किताबों के काफी टैक्स्ट बदलवाए, लेकिन पाकिस्तान में वह ऐसा न कर सका। पाक स्कूलों की शिक्षा आतंकियों के प्रति सहानुभूति की वजह बन रही है। यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के चेयरमैन लेनार्ड लियो ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था, पाकिस्तान में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। सरकारों के लगातार कमजोर होने से कठमुल्लावाद को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वे में पाकिस्तान के चारों प्रातों में कक्षा एक से लेकर दस तक की सौ से ज्यादा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया। पाठ्यपुस्तकों का इस्लामीकरण तानाशाह जनरल जिया उल हक के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद किताबों में पढ़ाया जाने लगा कि हिंदुओं की संस्कृति और सामाजिक अन्याय और क्रूरता पर आधारित है। जबकि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में कक्षा चार की सामाजिक अध्ययन की किताबों में लिखा है कि मुस्लिम विरोधी ताकतें दुनिया से इस्लाम के वर्चस्व को खत्म करने में लगी हैं। पाकिस्तानी इतिहास के नायकों में मोहम्मद गजनवी को खासा महिमामंडित किया गया है, जिसने 1029 ईसवी के आसपास सोमनाथ मंदिर को तोड़ा था। आज इन्हीं सब शिक्षाओं का नतीजा है कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा असहिष्णु देश बन चुका है। इसी शिक्षा का परिणाम यह हुआ कि पाक में मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले, तोडफोड़ और आगजनी की घटनाएं बढ़ीं। कश्मीर हेराल्ड समाचार पत्र के मुताबिक-पाकिस्तानी स्कूली किताबों में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू नेताओं के योगदान को बहुत कम करके दिखाया गया है, जिसमें गांधी जी भी शामिल हैं, जिसकी छवि को पाकिस्तान की स्कूली किताबों में लगातार खराब करने की कोशिश हुई है। पाकिस्तान की स्कूली किताबें कहती हैं कि पाकिस्तान का बनना हिंदूओं के विश्वासघात का नतीजा था। अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान जो व्यापक हिंसा हुई, उसके लिए हिंदू और मुस्लिम जिम्मेदार थे, जिन्होंने मुस्लिमों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की इतिहास की किताबों में कहा गया है कि 1971 में बांग्लादेश का बनना गहरी हिंदू साजिश का नतीजा थी, हिन्दू चाहते थे कि पाकिस्तान को अस्थिर कर दिया जाए, इसलिए पूर्वी पाकिस्तान को अलग करने षडयंत्र रचा गया। किसी भी पाकिस्तानी टैक्स्ट बुक में ए उल्लेख कहीं नहीं है कि किस तरह बांग्लादेश में पाकिस्तान सेना ने वहां के लोगों पर जुल्म ढहाए थे। पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तानी सरकार स्कूली पाठ्ङक्रम से घृणा और वैमनस्य पैदा करने वाली धार्मिक सामग्री हटाने में नाकाम रही है। क्या यह माना जाए कि एनसीईआरटी भी पाकिस्तानी शिक्षा बोर्ड कि तर्ज पर आगे बढ़ रही है? एनसीईआरटी ने खेल खेलना आरंभ किया है यह खेल बहुत खतरनाक साबित होगा, बच्चों के दिमाग में जहर की कीमत पूरा समाज और देश एक साथ चुकाता है व पाकिस्तान से बड़ा उदाहरण आपके सामने और क्या हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एक आम लत जो वनमानुष पूर्वजों से मिली

**मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया।**

अजीब लगता है लेकिन शायद यह सच है। यह सही है कि 1 करोड़ साल पहले हमारे वानर पूर्वज दारू बनाना तो नहीं जानते थे लेकिन उन्होंने उसका स्वाद परोक्ष रूप से चख लिया था। बायोसाइन्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट इस बात को प्रमाणित करती लगती है। जीव वैज्ञानिक रॉबर्ट डूडले द्वारा प्रस्तुत एक परिकल्पना रही है, शराबखोर बंदर, जिसके अनुसार कई लाख साल पहले हमारे वानर पूर्वज गिरे हुए फल खाते थे, जो कुछ हद तक किण्वित होकर मदिरा से भर गए होंगे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस प्रवृत्ति को एक अच्छा सा नाम भी दे दिया है-स्क्रम्पिंग (फलचोरी)।

वैसे तो किण्वित होते फलों को सूंघ लेना काफी आसान है। जब फलों, पेड़ों से रिसते रस या मकरंद पर खमीर पनपता है तो वह अल्कोहल पैदा करता है। कई जानवर और पक्षी इसका सेवन करके थोड़े धुत तो हो जाते हैं और फिर मनुष्यों ने लगभग 8000 साल पहले फलों से और अनाज से शराब बनाना सीख लिया था। तो हो सकता है कि हमारे वानर पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से बनती शराब को चखा हो। दरअसल, यदि वे ऐसे किण्वित होते फलों को खाने लगते तो उन्हें अन्य जंतुओं से प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलता क्योंकि अन्य जंतु इन्हें नहीं खाते। और तो और, ऐसे फलों को उनकी हवा में फैलती गंध की मदद से दूर से ताड़ लेना भी आसान रहा होगा। हमारे पूर्वजों ने यह क्षमता हासिल कर ली थी, इसका सर्वप्रथम प्रमाण 2015 में 18 प्रायमेट प्रजातियों के एक जेनेटिक विश्लेषण से मिला था। इस अध्ययन में पता चला था कि मनुष्य, चिम्पैंजी तथा गोरिल्ला में एक ऐसा उत्परिवर्तन पाया जाता है जो अल्कोहल पचाने वाले एंजाइम की कार्यक्षमता को 40 गुना बढ़ा देता है। और गणनाओं से अन्दाज लगा था कि यह उत्परिवर्तन करीब 1 करोड़ साल पहले हुआ था, लेकिन इस बाबत आंकड़े उपलब्ध नहीं थे कि क्या हमारे वानर पूर्वज पर्याप्त मात्रा में किण्वित खाद्य पदार्थ का भक्षण करते थे। परोक्ष अनुमानों के आधार पर तो 40 प्रजातियों के भोजन में यह 3 प्रतिशत से भी कम था। शोधकर्ताओं का विचार था कि यह अनुमान वास्तविकता से थोड़ा कम है क्योंकि इसमें उन फलों को शामिल नहीं किया गया है जो किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में खाए जाते हैं।

फिर शोधकर्ताओं को एक आइडिया सूझा। उन्होंने विचार किया कि यदि वे गिरे हुए फलों पर ध्यान केन्द्रित करें तो बेहतर अनुमान मिल सकता है। मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया। अब इस नई परिभाषा को लेकर डार्टमाउथ कॉलेज के मानव वैज्ञानिक नाथेनियल डोमिनी और उनके साथियों ने चार प्रायमेट प्रजाति आबादियों के पहले से उपलब्ध आंकड़ों को एक बार फिर से टटोला-बोर्नियो के ओरांगुटान, युगांडा के चिम्पैंजी और पहाड़ी गोरिल्ला तथा गैबन के गोरिल्ला। देखा गया कि इन चारों प्रजातियों के भोजन में फलों की मात्रा लगभग एक बराबर 15 से 60 प्रतिशत के बीच थी लेकिन गिरे हुए या पेड़ से तोड़े गए फलों की मात्रा में काफी विविधता थी।

अफ्रीकी एप्स, गोरिल्ला व चिम्पैंजी ने जो फल खाए उनमें से गिरे हुए फल 25 से 62 प्रतिशत तक थे जबकि ओरांगुटान ने ऐसे फल कभी-कभार ही खाए थे। गौरतलब है कि ओरांगुटान हमारे दूर के रिश्तेदार हैं और उनमें अल्कोहल का कुशलतापूर्वक पाचन करने के लिए जरूरी जेनेटिक उत्परिवर्तन नहीं होता। लिहाजा, उपरोक्त जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। अलबत्ता, कई वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद स्थलों के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। हो सकता है यह प्रवृत्ति चंद आबादियों तक सीमित हो। जैसे हारवर्ड विश्वविद्यालय के मानव वैज्ञानिक रिचर्ड रैंगहैम बताते हैं कि उन्होंने दशकों से युगांडा के जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया है उनमें गिरे हुए फल के प्रति हिकारत ही देखी है। बहरहाल, वे मानते हैं कि इस अध्ययन ने अल्कोहल सेवन की ओर जो ध्यान आकर्षित किया है वह महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## टीवी बहसों का गिरता स्तर समाज के लिए चिंतनीय



विनीत नारायण

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां संवाद और विमर्श लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। वहां आज टीवी बहसें एक ऐसा मंच बन चुकी हैं जहां तर्क की जगह एक दूसरे का अपमान, चीख-पुकार और राजनीतिक दुष्प्रचार हावी हो गया है। प्राइम टाइम के इन शो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करते नजर आते हैं, जिससे बहसें निष्कर्षहीन हो जाती हैं। यह न केवल दर्शकों के समय की बर्बादी है, बल्कि समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला एक खतरनाक माध्यम भी बन गया है। प्रवक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा ने टीवी डिबेट्स को एक सर्कस का रूप दे दिया है। चैनल और एंकर ऐसे निरर्थक बहसों को क्यों बढ़ावा देते हैं? क्या यह टीआरपी की होड़ है या राजनीतिक दबाव?

टीवी बहसों का इतिहास भारत में 1990 के दशक से जुड़ा है, जब निजी चैनलों का आगमन हुआ। शुरू में ए बहसें मुद्दों पर तथ्यपरक चर्चा का माध्यम थीं, लेकिन आज वे एक शोरगुल भरी जंग बन चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से स्पष्ट है कि भारतीय टीवी डिबेट्स में आक्रामकता और विषाक्त भाषा का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ा है। एक शोध के अनुसार, बहसों में एंकरों द्वारा आक्रामक लहजे का इस्तेमाल 80 प्रतिशत से अधिक होता है, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। ए आंकड़े बताते हैं कि बहसें अब सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि प्रचार का हथियार बन चुकी हैं।



राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं द्वारा अपमानजनक भाषा का उपयोग इस समस्या का केंद्रीय बिंदु है। एक बहस के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रवक्ता को दूसरी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा 'जयचंद' और 'गद्दार' कहा गया, जिसे सुनकर उस प्रवक्ता को हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना टीवी डिबेट्स की विषाक्तता का जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह अन्य प्रवक्ता ने एक दूसरे प्रवक्ता को 'नाली का कीड़ा', 'दादी मां', 'वैंप' कहा या 'उल्टा टांग दूंगा' जैसे शब्दों का प्रयोग करते पाए गए हैं। एक प्रवक्ता ने तो बहस के दौरान दूसरे प्रवक्ता पर हाथ भी उठा दिया।

यह समस्या बढ़ रही है कम नहीं हुई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक टीवी बहस के दौरान एक नेता पर कुर्सी फेंकी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज हुई। नवंबर 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक टीवी चैनल को एक प्रवक्ता के खिलाफ अपमानजनक क्लिप हटाने का आदेश दिया। ए उदाहरण दर्शाते हैं कि अपमान अब शारीरिक हिंसा तक पहुंच गया है। राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे प्रवक्ताओं को चुना जाना भी एक चिंताजनक बात है। अधिकांश प्रवक्ता राजनीतिक अनुभव की कमी रखते हैं और केवल टीवी पर चिल्लाने के लिए नियुक्त होते हैं। यदि राजनैतिक दल द्वारा योग्य प्रवक्ताओं को चुना गया होता, तो बहसें अधिक सभ्य और उत्पादक होतीं। लेकिन वर्तमान में, ए प्रवक्ता दलों के चेहरे बन चुके हैं, जो विचारधारा के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर निर्भर हैं। ऐसे स्तरहीन प्रवक्ताओं को चैनल क्यों आमंत्रित करते हैं? इसका मुख्य कारण टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) है। शोरगुल भरी बहसें दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं, क्योंकि वे मनोरंजन का रूप ले लेती हैं। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबावों के कारण ग्राउंड रिपोर्टिंग कम हो गई है और स्टूडियो डिबेट्स ही मुख्य सामग्री बन गई हैं। चैनल जानते हैं कि तर्कपूर्ण चर्चा से दर्शक भागते हैं, लेकिन चीख-पुकार उन्हें बांधे रखती है। दूसरा कारण राजनीतिक दबाव का उदय है। टाइम मैगजीन के अनुसार, राज्य और पार्टी के विज्ञापन बजट चैनलों को नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, बहसें सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली बन जाती हैं। विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित किया जाता है, जबकि सत्ताधारी प्रवक्ताओं को खुली छूट मिलती है। 2022 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चैनलों को सलाह दी कि वे उत्तेजक भाषा वाली बहसें न दिखाएं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। चैनल जानबूझकर ऐसे प्रवक्ताओं को बुलाते हैं जो विवाद पैदा करें, क्योंकि यह सोशल मीडिया पर वायरल होता है और चैनल की पहुंच बढ़ाता है। ऐसी बहसों के सामाजिक प्रभाव गंभीर हैं। वे समाज को ध्रुवीकृत करती हैं, विशेषकर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर। एक शोध के अनुसार, बहसें शफिक्स्ड मैचश की तरह होती हैं, जहां अपमान और झगड़े पूर्वनियोजित होते हैं। मुस्लिम पैनलिस्टों को एंटी-नेशनल कहा जाता है, जो सांप्रदायिक हिंसा को भड़काता है। 'गल्फ न्यूज' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के चैनल मुसलमानों के खिलाफ घृणा फैला रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग, जो रोजगार और शिक्षा चाहता है, इन बहसों से प्रभावित होकर हिंसक हो रहा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है, लेकिन यह विषाक्त संवाद समाज को कमजोर कर रहा है। चैनल और एंकरों की जिम्मेदारी यहां महत्वपूर्ण है। वे मॉडरेटर हैं, न कि भागीदार। लेकिन अधिकांश एंकर, खुद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रेडिफ की एक रिपोर्ट में कहा गया कि बहसें शविषैलीश हो चुकी हैं। एंकर विपक्ष को बोलने न देकर, मात्र समय काटते हैं। यदि चैनल सख्त कोड ऑफ कंडक्ट लागू करें, तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन टीआरपी और राजनीतिक लाभ के लालच में वे अनदेखी करते हैं।

समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, राजनैतिक दलों को प्रवक्ताओं के चयन में सुधार करना चाहिए। केवल अनुभवी और सभ्य व्यक्तियों को ही टीवी पर भेजा जाए। दूसरा, 'ट्राई' और सूचना मंत्रालय को सख्त नियम लागू करने चाहिए, जैसे अपमानजनक भाषा पर तत्काल जुर्माना लगे। तीसरा, दर्शकों को जागरूक होना चाहिएय वे ऐसे चैनलों का बहिष्कार करें जो सनसनी फैलाते हैं। चौथा, स्वतंत्र मीडिया वॉचडॉग को मजबूत बनाना चाहिए। अंत में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब पर तथ्यपरक बहसें बढ़ावा दें, जहां सोशल मीडिया इंगेजमेंट सकारात्मक हो।

भारत की टीवी बहसें लोकतंत्र का मजाक बन चुकी हैं। अपमानजनक प्रवक्ताओं का बोलबाला न केवल बहसों को निरर्थक बनाता है, बल्कि समाज को विभाजित करता है। चैनल और एंकरों को यदि वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान करना है, तो उन्हें टीआरपी के पीछे भागना छोड़कर जिम्मेदार संवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अन्यथा, ए बहसें लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती रहेंगी। समय आ गया है कि हम एक ऐसे मीडिया की मांग करें जहां तर्क जीते, न कि अपमान। केवल तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सीजफायर पर वाहवाही लूटने के ट्रम्प के दावे को झटका

# पाक डिप्टी पीएम ने ट्रम्प को दिखाया आईना

## इशाक डार बोले: भारत ने कभी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**दोहा।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का डोनाल्ड ट्रम्प का दावा खारिज कर दिया। मंगलवार को कतर में अलजजीरा से बात. चीत में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की भागीदारी जरूरी है। डार ने कहा कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने सीजफायर का मामला उठाया तो अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि भारत हमेशा से यही कहता आया है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह से द्विपक्षीय हैं। डार ने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में सीजफायर का प्रस्ताव दिया था और यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। डार ने कहा-भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। डार ने यह भी कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सबसे पहले दोनों देशों के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद वो करीब 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में सीजफायर कराने का क्रेडिट ले चुके हैं। हालांकि भारत साफ तौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं है।



■ हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है
■ हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है: इशाक डार

### अगले हफ्ते ट्रम्प से मिल सकते हैं पाक पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 सितम्बर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका जाएंगे। इस दौरान उनकी ट्रम्प से मुलाकात होगी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भी मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में पाकिस्तान से आई विनाशकारी बाढ़ और कतर पर इजरायल के हमले के परिणामों की चर्चा की जाएगी। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि यह बैठक कतर और सऊदी अरब के सलाह से आयोजित की जा रही है।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

## इजरायल को अंतर्राष्ट्रीय खेलों से प्रतिबंधित किया जाए: स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में इजरायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि इजरायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजरायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पेन के प्रधानमंत्री को 'शर्मनाक' करार दिया और उन पर मैड्रिड में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया, जिसके कारण वुएल्टा-ए-स्पेना साइकिल रेस का अंतिम चरण रद्द कर दिया गया, जिसमें एक इजरायली टीम प्रतिस्पर्धा कर रही थी। इससे पहले सांचेज ने कहा था कि तीन हफ्ते तक चली इस रेस के दौरान हुए पिछले विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया है कि स्पेन गाजा मुद्दे पर 'गर्व' के साथ एक मिसाल कायम करता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान।** ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की। उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा: एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर 'आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध' पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

#### अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

#### फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुए उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गई चेतावनी को नजरंदाज करते हुए जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाए यूरोप: अमेरिका

■ वित्त मंत्री ने कहा: अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इन्कार

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते।

यूरोप को रूस की आयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटाक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की आयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रापर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा।

# जैश ने कबूला: ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

## जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो हो रहा वायरल

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।



● 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए
● भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था

इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सैटेलाइट तस्वीरों से भी मस्जिद के गुंबद और आसपास के ढांचों को गंभीर नुकसान की पुष्टि हुई। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था। साल 2011 तक इस कैंपस में सिर्फ एक मस्जिद थी, उसके बाद आतंकियों की ट्रेनिंग और बाकी एक्टिविटीज के लिए कैंपस में इमारतें और बाकी स्ट्रक्चर बढ़ता चला गया। सैटेलाइट इमेजेज के आधार पर इसका पूरा इलाका 18 एकड़ बताया जाता है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाला था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने कहा था कि जैश के बहावलपुर हेडक्वार्टर को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने मसूद की सिक्योरिटी और बढ़ा दी थी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को इस तरह की स्ट्राइक का अंदेशा था, इसलिए माना जाता है कि मसूद को पहले ही वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। ले. ज. रामेश्वर राय के मुता. बिक पाकिस्तान में मसूद को सेना का प्रोटेक्शन मिला हुआ है, लेकिन पाकिस्तान यह नहीं मानता कि मसूद उसकी जमीन पर मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान मसूद अजहर के मारे जाने की बात छिपाने की कोशिश कर सकता है।

# इजरायल के गाजा सिटी में जमीनी हमलों में 41 की मौत

## तीन लाख लोगों ने शहर छोड़ा, रक्षामंत्री काट्ज बोले: गाजा जल रहा



**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इजरायली अधिका. रियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजरायल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजरायली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से उनके ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। इजरायल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को डयूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेडयूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसम्बर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है। साथ ही, पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा भी 30-40 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन में 5 आर्मी डिवीजन और 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें शामिल होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा ले रही हैं। इजरायल का मकसद गाजा सिटी में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है।

## ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया सबसे गिरा हुआ अखबार

■ अमेरिकी राष्ट्रपति 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि वे चर्चित अखबार द न्यूयार्क टाइम्स के खिलाफ 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे। ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स को 'कट्टरपंथी वाम डेमोक्रेट पार्टी' का मुखपत्र बताया और कहा कि अखबार ने बीते एक दशक से उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। ट्रम्प ने दावा किया कि अखबार उनके बारे में झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करता आ रहा है।

ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स पर कमला हैरिस के समर्थन में अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि अखबार द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का समर्थन किया गया और उनके बयानों को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा। ट्रम्प का दावा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा अवैध चुनावी चंदा है। उन्होंने अखबार पर उनके, उनके परिवार, उनके व्यवसाय और अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) आंदोलनों और पूरे देश के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि कभी सम्मानित रहे अखबार के खिलाफ कार्रवाई करने पर उन्हें गर्व है, जैसा कि उन्होंने पूर्व में कई अखबारों और मीडिया संस्थानों के खिलाफ किया है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि अखबार को बहुत लंबे समय तक मेरे खिलाफ खुलेआम झूठ बोलने और बदनाम करने की इजाजत दी गई। जो अस्वीकार्य और अवैध दोनों है। अब यह सब बंद हो! यह मुकदमा फ्लोरिडा राज्य में लाया जा रहा है।

## भारत-मॉरीशस के संबंध और अधिक मजबूत होंगे: मुर्मु

■ दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आए थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गई। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

## ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया खाते होंगे बंद

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसम्बर तक बंद करने होगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसम्बर से प्रभावी होगा।




ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसम्बर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुवेल्स ने कहा कि हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे। सुग्रांट ने कहा कि सरकार समझती है कि इस प्रतिबंध का पालन करने के लिए किसी तकनीक का निर्माण करने और उसे लागू करने में वक्त लगेगा। कंपनियों को नीति और प्रक्रियाओं के पालन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उम्र का पता लगाने वाली तकनीक का परीक्षण कराया था और यह पता चला है कि इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

